


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-17 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 21 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली , प्रवेश वर्मा समेत 6 मंत्री बने



नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा की रेखा गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। रामलीला मैदान में उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता के अलावा मनजिंदर सिंह सिरसा,आशीष सूद ,प्रवेश साहिब सिंह ,कपिल मिश्रा,पंकज कुमार सिंह ,रविंदर राज ने मंत्रीपद की शपथ ग्रहण की है।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत एनडीए शासित प्रदेशों के सीएम और डिप्टी सीएम भी मंच पर मौजूद रहे।उनके बाद प्रवेश साहिब सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन अलग-अलग मंच तैयार किए गए। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सहयोगी सदस्य, और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी उपस्थित रहे।दूसरे मंच पर धर्मगुरुओं और विशिष्ट अतिथि मौजूद थे, जबकि तीसरे मंच पर संगीत कार्यक्रम से जुड़े कलाकार मौजूद थे।बता दें कि बुधवार शाम विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता को सीएम चुना गया था। सीएम चुने जाने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने जो दिल्ली की जनता के लिए विजन दिया है, उसे पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी।

पीएम मोदी का तहे दिल से आभार जताना चाहती हूं कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह देश की हर मां-बेटी का सम्मान है।रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने आप की बंदना कुमारी को 29,595 मतों के अंतर से हराया था।गत 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। भाजपा को 26 साल बाद ऐतिहासिक जीत मिली थी। उसने 70 में से 48 सीटें जीतीं, जबकि आम आदमी पार्टी 22 पर सिमट गई।

### विभागों का बंटवारा, सीएम के पास वित्त; प्रवेश वर्मा समेत अन्य को मिली ये जिम्मेदारियां

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरुवार को सीएम रेखा गुप्ता ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कई बातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने कहा कि जो मिशन 'विकसित दिल्ली' का है, उसे पूरा करने के लिए लगातार काम किया जाएगा। एक भी दिन व्यर्थ नहीं होगा। एक-एक वादे पूरे किए जाएंगे। वहीं, दिल्ली में सरकार गठन और कैबिनेट की शपथ के बाद अब विभागों का भी बंटवारा हो गया है।

दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने पास वित्त विभाग और विजिलेंस रखा है। प्रवेश वर्मा को परिवहन और पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी दी गई है। मनजिंदर सिंह सिरसा को स्वास्थ्य विभाग दिया गया है। कपिल मिश्रा को जल, पर्यटन, आर्ट एंड कल्चर विभाग सौंपा गया है।

| | |
|---|---|
| रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री) | -गृह, वित्त, सेवा, सतर्कता, योजना |
| प्रवेश वर्मा (उपमुख्यमंत्री) | -शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, परिवहन |
| मनजिंदर सिंह सिरसा | - स्वास्थ्य, शहरी विकास, उद्योग |
| रवींद्र कुमार इंद्राज - | समाज कल्याण, एससी/ एसटी मामले, श्रम |
| कपिल मिश्रा - | जल, पर्यटन, संस्कृति |
| आशीष सूद - | राजस्व, पर्यावरण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| पंकज कुमार सिंह | - कानून, विधायी मामले, आवास। |

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरित करेंगे लैपटॉप की राशि

### 89 हजार 700 से अधिक विद्यार्थियों के खाते में सीधे पहुँचेगी 224 करोड़ रूपये की राशि



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रात: 10:30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि भी अंतरित करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है। कार्यक्रम में भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर और सांसद आलोक शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 21 फरवरी को करेंगे जैविक खेती पर कार्यशाला का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को प्रात: 10:30 बजे राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरखेड़ी कलां, भोपाल में जैविक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना भी उपस्थित रहेंगे।वर्तमान खेती में रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशकों एवं कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग के कारण भूमि एवं वातावरण में हानिकारक तत्वों की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके कारण पर्यावरण, मृदा उर्वरता तथा मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पर्यावरण और उपभोक्ता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये कृषि में रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिये जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

## बिना नीट यूजी परीक्षा पास किए विदेश में नहीं कर पाएंगे एमबीबीएस, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि बिना नीट यूजी परीक्षा पास किए स्टूडेंट्स विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई नहीं कर सकते हैं। इस फैसले के बाद अब विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए इच्छुक स्टूडेंट्स को विदेशी मेडिकल संस्थानों में एडमिशन लेने के लिए नीट यूजी परीक्षा पास करनी होगी।दरअसल मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का एक नियम है कि किसी भी भारतीय स्टूडेंट को विदेशी संस्थान से एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए नीट परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा। एमसीआई के इस नियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अब सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के उस नियम को बदलने से इनकार कर दिया है और इस नियम को जस का तस बरकरार रखा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, 'हमें रेगुलेशन में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं नजर आता।' सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार के लिए छूट देने के लिए भी साफ इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि कोई भी भारतीय छात्र डॉक्टरी की डिग्री कहीं से भी लेता है तो पहले उसे नीट पास करना होगा। यदि कोई विदेशी नागरिक भारत में मेडिकल की पढ़ाई करना चाहता है तो भी उसे नीट पास करना होगा।



### मणिपुर में उग्रवादियों को राज्यपाल का अल्टीमेटम, कहा- 'आपके पास बस 7 दिन', और फिर...

नई दिल्ली(ए)। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद गवर्नर अजय कुमार भल्ला की तरफ से एक बयान जारी किया गया है। इसमें मणिपुर की सभी कम्युनिटी से लूटे हुए और गैरकानूनी तरीके से रखे गए हथियारों और गोला-बारूद को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करने को कहा गया है। गर्वनर ने कहा है कि डेडलाइन के अंदर हथियार लौटाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ में ये भी कहा गया है कि अगर कोई 7 दिन की डेडलाइन के बाद भी लूटे या गैरकानूनी हथियार रखता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि मणिपुर में पिछले 2 साल से मैतेई और कुकी समुदाय के बीच जातीय संघर्ष चल रहा है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने 9 फरवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से ही मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है। शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित करने वाली दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की एक श्रृंखला के कारण घाटी और पहाड़ी दोनों क्षेत्रों में मणिपुर के लोगों को पिछले 20 महीनों से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सामान्य स्थिति बहाल करने के व्यापक हित में राज्य के सभी समुदायों को शत्रुता की समाप्ति और समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने को सुनिश्चित करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि लोग अपनी सामान्य दैनिक गतिविधियों में लौट सकें। मणिपुर में नेतृत्व संकट के बीच कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की थी।



### स्कॉर्पियो-रोडवेज बस की भिड़ंत में बिहार से महाकुंभ जा रहे दो श्रद्धालुओं की हुई मौत, कई घायल

मीरजापुर(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ है जिसमें दो श्रद्धालुओं की जान चली गई है, जबकि कई घायल होने बताई जा रहे हैं। घायलों में एक को बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है। यह हादसा रोडवेज बस और स्कॉर्पियो की भिड़ंत के दौरान हुआ है। सभी श्रद्धालु बिहार से महाकुंभ (प्रयागराज) जा रहे थे तभी यह हादसा मिर्जापुर जिले के विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सेमरी गांव के समीप हुआ है। जानकारी के मुताबिक बिहार के सहरसा से स्कॉर्पियो, टोयोटा एवं एक बस में सवार होकर श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित महाकुंभ संगम स्नान के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि स्कार्पियो सवार श्रद्धालुओं जिसमें तकरीबन पांच लोग सवार थे जैसे ही मिर्जापुर जनपद के मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के सेमरी गांव के समीप पहुंचे थे कि प्रयागराज की तरफ से आ रही रोडवेज बस से आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

## शुभमन गिल का शतक, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का जीत के साथ आगाज



दुबई (ए)। चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की है। ओपनिंग बल्लेबाज शुभमन गिल के शतक की बदौलत भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 49.4 ओवर में 228 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में भारत ने 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर मैच जीत लिया। 229 रन के टारगेट के पीछे करने उतरे भारत की शुरुआत धमाकेदार रही। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 59 गेंद में 69 रन की साझेदारी करके ठोस शुरुआत दी। रोहित शर्मा को तस्कीन अहमद की गेंद पर रिशाद होसेन ने कैच कर लिया। रोहित शर्मा ने 7 चौकों की सहायता से 36 गेंद में 41 रन बनाए। विराट कोहली 22 रन बनाकर रिशाद होसेन की गेंद पर सौम्या सरकार को कैच दे बैठे। श्रेयस अय्यर ने 15 और अक्षर पटेल ने 8 रन बनाए।

## मायावती साथ देतीं तो भाजपा कभी चुनाव नहीं जीत पाती : राहुल गांधी



रायबरेली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते थे कि मायावती हमारे साथ मिलकर चुनाव लड़ें। अगर तीनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़तीं, तो भाजपा कभी नहीं जीत पाती।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी बात की।

राहुल गांधी ने कहा कि कांशीराम ने नींव रखी। बहनजी ने काम किया। यह मैं भी मानता हूं। मेरा सवाल है, बहन जी (मायावती) आज तक कोई चुनाव ठीक से क्यों नहीं लड़ीं? हम चाहते थे, बहन जी भाजपा के विरोध में हमारे साथ चुनाव लड़ें। लेकिन, मायावती जी किसी न किसी कारण से नहीं लड़ीं। इस बात का हमें काफी दुख है। अगर तीनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़तीं, तो भाजपा कभी नहीं जीतती।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के पास सुविधाओं का अभाव था, फिर भी उन्होंने पूरी राजनीतिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। विचारधारा आपकी है, संविधान आपने दिया, मगर जहां भी आप जाते हैं, आपको कुचला जाता है। सबसे पहले आपको समझना होगा। इस देश में हर रोज आपके खिलाफ अत्याचार और आक्रमण हो रहा है। देश के संविधान को बचाना हमारी जिम्मेदारी है। अंबेडकर जी ने कहा था कि संगठित बनो, शिक्षित बनो और संघर्ष करो। दलित समाज को इसी तरह अपने हक को प्राप्त करना होगा।

उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है, लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीईओ दलित समाज से नहीं हैं। संविधान आपको बराबरी का अधिकार देता है और अब इसे ही खत्म करने की साजिश रची जा रही है। देश के संविधान को बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जीएसटी और नोटबंदी कर देश में बेरोजगारी बढ़ाई है।




### झारखंड मैट्रिक बोर्ड के पेपर की कीमत मात्र 350, व्हाट्सएप पर बिक्री, प्रिंस नामक शख्स ने वसूले रुपए

रांची (आरएनएस)। झारखंड में मैट्रिक बोर्ड के हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक की पुष्टि होने के बाद राज्य में बवाल मच गया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने दोनों पत्रों की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। इसी बीच, पेपर लीक को लेकर कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही है।छात्रों और अभिभावकों की मानें तो दोनों पत्रों के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप में मात्र 350 रुपए में बेचे गए थे। प्रिंस नामक एक शख्स ने क्यूआर कोड के जरिए पैसे की वसूली की थी।कोडरमा और गिरिडीह जिले में परीक्षा के पेपर वायरल होने की सूचना सबसे पहले आई थी। पलामू और रांची में भी पेपर की प्रतिलिपि व्हाट्सएप पर घूम रही थी।छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने काउंसिल के सचिव जयंत मिश्र से 19 फरवरी को मुलाकात कर इसकी लिखित शिकायत करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी।




### बॉयफ्रेंड को गमछे से बांध नाबालिग से गैंगरेप कर रहे थे 4 आरोपी, तभी पहुंची पुलिस, चारों गिरफ्तार

भागलपुर(आरएनएस)। भागलपुर में चार दरिंदों ने प्रेमी के सामने ही उसकी नाबालिग प्रेमिका के साथ गैंगरेप किया। वारदात के दौरान दरिंदों ने प्रेमी के साथ मारपीट करने के बाद उसे गमछे से बांध दिया था। किसी तरह प्रेमी ने गमछा खोल लिया और पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक बदमाश को तो लड़की के साथ रेप करते हुए अरेस्ट कर लिया। वहीं, तीन बदमाश पुलिस को देखकर फरार हो गए। इन बदमाशों को भी पुलिस ने महज तीन घंटे के अंदर अरेस्ट कर लिया। यह वारदात मंगलवार की देर शाम भागलपुर जिला के कहलगांव थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास हुई।

कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद के मुताबिक पीड़िता की उम्र 17 साल है और वह इंटर की पढ़ाई कर रही है। वह यहां कहलगांव में ही किराए का घर लेकर अपनी सहेली के साथ रहती है। वहीं, उसका प्रेमी दरभंगा का रहने वाला है। कुछ समय पहले दोनों की बातचीत इंस्टाग्राम के जरिए हुई और फिर दोनों में प्यार हो गया। घटना के दिन छात्रा का प्रेमी भागलपुर आया था और वहीं उसने मिलने के लिए छात्रा को भी बुलाया था।

## वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए : नायब सिंह सैनी



चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए । उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति देने के लिए, आवश्यकता अनुसार मौजूदा नीतियों को संशोधित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल अधिक निवेश आकर्षित होगा बल्कि रोजगार के और अधिक अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री बुधवार देर शाम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही आईएमटी खरखौदा की सफलता के आधार पर राज्य भर में 10 अत्याधुनिक औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने चाहिए। इस संबंध में उन्होंने हरियाणा में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों और एमएसएमई दोनों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का भी सुझाव दिया ताकि राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाया जा सके।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण को बढ़ावा देने और देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से सटा होने और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ, हरियाणा वैश्विक उद्यमों को आकर्षित करने वाले आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है।

### मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, 10 करोड़ की कीमत के ड्रग्स जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 9 ने दादर इलाके के एक गेस्टहाउस पर छापेमारी करते हुए 5 किलो एमडी ड्रग्स जब्त किया। इन ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों, जहांगीर शाह आलम शेख (मुंबई निवासी) और सेनॉल शेख (पश्चिम बंगाल निवासी) को गिरफ्तार किया है।क्राइम ब्रांच की टीम अब इस मामले की और जांच कर रही है।इससे पहले 14 फरवरी को महाराष्ट्र के ठाणे की नारकोटिक्स सेल ने ड्रग्स को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की थी। तीन अलग-अलग जगहों पर की गई छापेमारी में नारकोटिक्स सेल ने तकरीबन 2.60 करोड़ रुपये से ज्यादा की ड्रग्स जब्त की थी। जब्त ड्रग्स में एमडी और गांजे की बड़ी मात्रा शामिल थी।ठाणे शहर के शील डायघर इलाके में स्थित चेतन अपार्टमेंट के रूम नंबर 202 में छापेमारी की गई थी। पुलिस ने 1.109 ग्राम एमडी ड्रग बरामद किया था, जिसकी मार्केट वैल्यू दो करोड़ 25 लाख 45 हजार रुपये के करीब बताई गई थी। इस मामले में वारदात की जगह से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके नाम इलियास कुशहाल खान (19), अमान कमाल खान (21) और सैफ अली खान हैं।वहीं, दूसरी कार्रवाई ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में नेवाली नाके पर की गई थी। यहां छापेमारी में 45 किलो के करीब गांजा जब्त किया गया था, जिसकी कुल कीमत 22 लाख 85 हजार रुपये बताई गई।





# प्रधानमंत्री श्री मोदी के "LIFE" विजन के अनुरूप है प्रदेश की "बॉयो फ्यूल योजना-2025" : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बॉयो फ्यूल बॉयो फ्यूल योजना-2025 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (एलआईएफई) अभियान के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है, जिसमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन पर जोर दिया गया है। यह योजना प्रदेश की कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा देगी। प्रदेशवासियों के लिए हरित और समृद्ध भविष्य के साथ, योजना से प्रदेश में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, बॉयो ऊर्जा संयंत्र, फीड स्टॉक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। योजना से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, साथ ही



पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बॉयो फ्यूल योजना-2025 राज्य की आर्थिक समृद्धि, हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन के लिए क्रांतिकारी पहल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत सतत विकास और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयां छू रहा है। उनकी प्रेरणा से मध्यप्रदेश सरकार भी ऐसी योजनाएं बना रही है, जो दीर्घकालिक रूप से पर्यावरण के अनुकूल हों और रोजगार सृजन को बढ़ावा दें। इस योजना से प्रदेश में कृषि एवं जैव अपशिष्ट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा, जिससे पर्यावरण अनुकूल ईंधन का उत्पादन किया जा सकेगा और राज्य हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। नवकरणीय ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बॉयो फ्यूल योजना-2025 को मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है। प्रदेश सरकार ने इस योजना के तहत बॉयो फ्यूल उत्पादन संयंत्र स्थापना के लिये भूमि आवंटन, निवेश प्रोत्साहन, आधारभूत संरचना विकास में सहायता और कर रियायतें प्रदान करने का निर्णय लिया है।

## मध्य प्रदेश के किसानों के लिए खुशखबरी, होली से पहले सीएम ने दी कई सौगात, होगा बड़ा फायदा

भोपाल (आरएनएस)। सीएम ने कहा कि सरकार द्वारा 2600 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं लेने का निर्णय लिया गया है। अगले साल तक हो सकता है कि यह दाम 2800 प्रति क्विंटल तक पहुंच जाएं। मप्र के किसानों के लिए खुशखबरी है। राज्य की मोहन यादव सरकार ने किसानों के हित में होली से पहले 2 बड़ी घोषणाएं की है। सीएम ने ऐलान किया है कि प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से सरकार 2600 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदेगी । इसके साथ ही प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को 2000 प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि इसी माह से दी जायेगी।

दरअसल, बुधवार को सीएम डॉ. मोहन यादव जबलपुर के ग्राम उमरिया पहुंचे थे, जहां उन्होंने 53 एकड़ में बन रही गौशाला परियोजना के पहले चरण का भूमिपूजन और जिले को 187.43 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो का लोकार्पण भूमि-पूजन किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को 2 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि इसी माह से दी जायेगी। इसका लाभ छोटे किसानों को भी मिलेगा।

## नवीन मध्यप्रदेश हेल्थ सेक्टर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2025 पर हुई चर्चा

भोपाल (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से नवीन मध्यप्रदेश हेल्थ सेक्टर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2025 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण विमर्श किया गया। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन प्रावधानों पर भी गहन चर्चा हुई, जिसमें प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर कैबिनेट के अनुमोदन के लिये प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। यह प्रावधान मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डॉक्टरों और चिकित्सा शिक्षकों को आकर्षित करने तथा उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और वित्त विभाग से जुड़े विभिन्न नीतिगत विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए जनहितैषी प्रस्तावों पर उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने शीघ्र आवश्यक बजट प्रावधान सुनिश्चित करने की बात कही। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2 हज़ार 360 करोड़ रुपये के हितलाभ

भोपाल(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना नागरिकों के लिए एक प्रभावी स्वास्थ्य सुरक्षा चक्र है। इसका लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक आसानी से पहुँचे, इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि उन क्षेत्रों में भी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों को योजना से संबद्ध किया जाए, जहाँ वर्तमान में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक स्वास्थ्य संस्थानों को एम्पेनेलमेंट के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे राज्य के प्रत्येक नागरिक हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की वृहद समीक्षा की। उन्होंने योजना के सुचारू संचालन, सतत निगरानी और अधिकतम हितग्राहियों तक इसका लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने योजना अंतर्गत लंबित भुगतानों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक बजट प्रावधान के लिये प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में अब तक 1 करोड़ 8 लाख परिवारों के 4 करोड़ 27 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वर्तमान में 1,067 स्वास्थ्य संस्थान योजना अंतर्गत पंजीकृत हैं। योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2,360 करोड़ रुपये के हितलाभ हितग्राहियों को प्रदान किये गये हैं। सीईओ आयुष्मान डॉ. योगेश भरसट सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश में घट रही लाड़ली बहनों की संख्या! समग्र पोर्टल से डिलीट हो रहे नाम

भोपाल (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार की ओर से शुरू की गई लाड़ली बहना योजना को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर रहा है. कांग्रेस ने योजना के तहत राशि में बढ़ोतरी न होने, नई लाभार्थियों को जोड़ने में असफलता और लाड़ली बहनों की संख्या में कमी को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं. इन आरोपों के बीच अब एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है।

यह पता चला है कि समग्र पोर्टल से लाड़ली बहनों के नाम हटाए जा रहे हैं और उनके आधार को पोर्टल से डीलिंक किया जा रहा है. इस मुद्दे पर शिकायतें विभिन्न ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों, स्थानीय निकायों और कलेक्टर कार्यालयों तक पहुंच चुकी हैं. हाल ही में, आगर मालवा और बैतूल के कलेक्टरों ने एमपी इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एमडी को पत्र लिखकर इस समस्या की जानकारी दी है।

## नशे की लत के कारण कलयुगी बेटे ने वृद्ध मां को चाकू मारा

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाना इलाके में कलयुगी बेटे द्वारा वृद्ध मां को चाकू मारकर बुरी तरह घायल किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। शुरुआती जॉच में सामने आया है की आरोपी बेटा नशा करने का आदी है, और पैसो के लिये घर का सामान बेच देता था। इसकी जानकारी लगने पर जब मॉ ने उसे ऐसा करने से मना किया तब बेटे ने उस पर चाकू से वार कर दिया। थाना पुलिस के अनुसार 64 वर्षीय घायल वृद्वा आचार्य नरेंद्र देव नगर में रहने वाली अपनी बेटी के पास रहती है। उसका बेटा प्रताप सिंह अपनी पत्नि के साथ छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव में रहता है। उसे शराब पीने की लत है, जिसके कारण पत्नी उसका आये दिन विवाद होता था। प्रताप छिंदवाड़ा से बीती 2 फरवरी को मां के पास रहने के लिये आ आया था। अपनी नशे की आदत के चलते वह घर के सामान ले जाकर बेच देता था। इसकी जानकारी लगने पर मॉ ने उसे ऐसा न करने की समझाइश दी थी, लेकिन वह अपनी हरकतो से बाज नहीं आया। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ एक बार फिर वह कोई सामान बेचने जा रहा था, तभी मां ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। वृद्व मां ने उसे फिर समझाइश देते हुए ऐसा करने का विरोध किया। बेटा उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगा और किचन से चाकू उठाकर उसके गले के पास वार करते हुए धक्का दे दिया। मॉ के घायल होकर गिरने के बाद आरोपी बेटा वहॉ से भाग गया।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने निवास पर पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक की।

## प्रदेश के सिंचाई रकबे को एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने के लिए समय-सीमा में निर्माण गतिविधियां की जाए पूर्ण-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है। अतः सभी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों का संचालन समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अतः ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत टेरिया नाला बांध, सानेर बांध और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य, सोण्डवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, बहोरीबंद उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, ढ़ीमरखेड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, महेश्वर-जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

# अशासकीय विद्यालयों की मान्यता की आवेदन तिथि बढ़ी, राज्य शिक्षा केन्द्र ने कलेक्टर्स को जारी किया पत्र

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के अशासकीय विद्यालय की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 25 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि 25 फरवरी के बाद अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जा सकेगी। मान्यता संबंधी निर्देश पूर्व की तरह यथावत रहेंगे। प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। अशासकीय विद्यालयों की दिक्कतों को देखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।


स्कूल शिक्षा विभाग ने समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना लागू की है। योजना का नोडल अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग निर्धारित किया गया है। समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर सीधे विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था की गई है। योजना में प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षावार, स्कूलवार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफ़ाइल में संबंधित की जाति, माता-पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस, पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम, जो छात्रवृत्ति गणना करने में आवश्यक होते हैं, उसे रिकॉर्ड में रखा जाता है।

## फरवरी अंत में दिखेगा मौसम में बड़ा चेंज, छाएंगे बादल, गिरेगा पारा, बूंदाबांदी के संकेत, नया सिस्टम भी हो रहा एक्टिव



भोपाल (आरएनएस)। इस हफ्ते मध्य प्रदेश में मौसम में अलग अलग रुप देखने को मिल सकते है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से आज गुरूवार को कई जिलों में बादल छा सकते हैं लेकिन इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में गर्मी का असर रहेगा। 21 फरवरी से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान है। एमपी मौसम विभाग के मुताबिक, अलग अलग स्थानों पर सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से 21 फरवरी को पूर्वी हिस्से में यानी, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। भिंड ,मुरैना ,ग्वालियर, दतिया, श्योपुर कलां और छतरपुर में भी मौसम बदला रहेगा । 2तापमान में भी 2 से 3 डिग्री की गिरावट आने लगेगी।

# दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि



भोपाल(आरएनएस)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आगामी 25 फरवरी को एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्रि-परिषद द्वारा एम.पी. स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के मध्य होने वाले सहकारिता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दे दी गयी है। अब यह अनुबंध निस्पादत किया जा रहा है। इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत ढाई हजार करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा। यह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को मजबूत करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। एक दुग्ध समिति लगभग 1 से 3 गांव में दुग्ध संकलन करती है, 9 हजार दुग्ध समितियां के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलोग्राम प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख किलोग्राम से बढ़कर 3.7 लाख किलोग्राम प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रूपये से दोगुना कर 3500 करोड़ रूपये किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के सांची ब्रांड को और मजबूत किया जाएगा। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जायेगा। ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवश्यकता अनुसार तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा तथा कार्यरत अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

# दुनिया का सबसे रोमांचक फेरिस व्हील अब मध्यप्रदेश में भी लगेगा



भोपाल (आरएनएस)। दुनिया का सबसे रोमांचक फेरिस व्हील अब मध्यप्रदेश में भी लगने जा रहा है। यह देश का पहला फेरिस व्हील होगा। ऊंचाई इतनी होगी कि इस पर बैठकर इंदौर ही नहीं उज्जैन-देवास और पीथमपुर भी देख सकेंगे। 24-25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इसे लेकर एमओयू साइन किया जाएगा। इंदौर के उद्योगपति ने एक हजार करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इंदौर के आशा कन्फेक्शनरी के एमडी दीपक दरयानी ने 18 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रस्ताव दिया है। सीएम ने उन्हें GIS में आमंत्रित किया और हर अनुमति जल्द से जल्द दिलाने का कहा है। सीएम से मुलाकात के बाद दरयानी ने से प्रस्ताव पर चर्चा की। कहा कि सरकार से सभी अनुमतियां समय पर मिल जाती हैं तो अगले एक साल में यह पार्क शुरू हो जाएगा। 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के लिए भी यह आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

**पहाड़ी पर ही बनेगा रोटेटिंग रेस्टोरेंट, एडवेंचर पार्क**

दरयानी ने बताया कि यह व्हील देवास में लगने से टूरिज्म के लिहाज से इंदौर, उज्जैन और देवास का एक ट्राय एंगल बनेगा। दरयानी का कहना है कि इस प्रोजेक्ट के साथ ही वह यहां पर एम्यूजमेंट पार्क, एडवेंचर पार्क और रोटेटिंग रेस्टोरेंट भी बनाएंगे। यहां रिसॉर्ट, गो कार्ट, फ्री फॉल, पेंट बॉल लार्जेस्ट शूटिंग, वॉल क्लाइंबिंग सहित एक दर्जन से ज्यादा रोमांचकारी गेम्स और गेम्स जोन रहेंगे। दरयानी के अनुसार इस प्रोजेक्ट के लगने से लगभग 2 हजार से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

दीपक दरयानी ने बताया कि मैंने दूसरा प्रोजेक्ट सीएम को 300 करोड़ रुपए के निवेश का बताया है। यह प्रोजेक्ट फूड केमिकल इंडस्ट्री का है। जिसके लिए मैंने सीएम से जमीन की मांग की है। इस इंडस्ट्री के लगने से सबसे ज्यादा महिलाओं को फायदा होगा।

यह प्रोजेक्ट इस तरह से ही तैयार किया गया है कि इसमें 60 प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं को रोजगार दिया जाए। सीएम ने जिस तरह से क्विक एक्शन लेते हुए मेरे प्लान सुने हैं, इस हिसाब से मुझे उम्मीद है कि समिट के दौरान मुझे जमीन मिल जाएगी। जमीन का अलॉटमेंट होते ही मैं प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दूंगा।

**देश का पहला फेरिस व्हील 1 साल में होगा शुरू**

दीपक दरयानी ने बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव ने मेरे प्लान को सुनकर कहा है कि आप तुरंत ही मेरे अधिकारियों से मीटिंग कर भोपाल आओ। इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द राइटिंग में मुझे दीजिए। सूत्रों की मानें तो सीएम ने दीपक दरयानी के दोनों ही प्लान को देखकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनके प्लान पर स्टडी कर जल्द से जल्द आगे बढ़ाया जाए।

बताया जा रहा है कि दीपक दरयानी से सीएम ने इन प्लान को लेकर पूछा कि आप सरकार से क्या मदद चाहते हैं। इस पर दरयानी ने कहा कि मैं सिर्फ जमीन की मांग कर रहा हूं। बाकी मेरे पास सभी संसाधन उपलब्ध हैं।

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता की आवेदन तिथि बढ़ी

भोपाल (आरएनएस)प्रदेश के अशासकीय विद्यालय की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 25 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि 25 फरवरी के बाद अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जा सकेगी। मान्यता संबंधी निर्देश पूर्व की तरह यथावत रहेंगे।

प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिये अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण और नवीन मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। विलंब शुल्क के साथ अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। अशासकीय विद्यालयों की दिक्कतों को देखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने आवेदन तिथि में वृद्धि की है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।

स्कूल शिक्षा विभाग ने समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना लागू की है। योजना का नोडल अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग निर्धारित किया गया है।

# ग्वालियर को हर दृष्टिकोण से एक आदर्श शहर बनायेंगे : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने लक्ष्मण तलैया के जीर्णोद्धार सहित वार्ड-33 में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमि पूजन




ग्वालियर (ए.) । ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहर के वार्ड-33 के अंतर्गत लक्ष्मण तलैया जीर्णोद्धार कार्य व सीसी रोड निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। ये कार्य एक करोड 51 लाख रूपये की लागत से होने जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास के नये नये आयाम लिखे जा रहे हैं। इसी क्रम में लक्ष्मण तलैया जैसे ऐतिहासिक स्थल का जीर्णोद्धार होने जा रहा है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है, ग्वालियर हर दृष्टिकोण से एक आदर्श शहर बने, जहां हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि लक्षण तलैया के जीर्णोद्धार के साथ-साथ यहाँ पर एलईडी लाइट, वाटर फाउंटेन, बैंच, शौचालय, बच्चों के खेलने के लिए ग्रांउड आदि कार्य कराये जाएगें। सरकार का प्रयास है कि लक्ष्मण तलैया एक टूरिस्ट प्लेस बने और पर्यटक लक्ष्मण तलैया को देखने आएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीर्णोद्धार के साथ ही इसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाए। श्री तोमर ने कहा ग्वालियर का वैभव पुराने स्वरूप में दिखे। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा एतिहासिक स्थलों को संवारने का कार्य किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने खल्लासीपुरा पम्प हाउस से नौगजा रोड एवं आसपास की गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हए कहा कि शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरा भरा बनाये रखने के लिए आमजन को स्वच्छता में सहयोग करना होगा। इस बार शहर को स्वच्छता में अव्वल स्थान पर लाना है। इसके लए हमें अपने घरों से स्वच्छता की आदत डालनी होगी। कहीं भी कचरा न फेंके, कचरा सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश रोजौरिया, पार्षद श्रीमती सुनीति अरूणेश कुशवाह सहित श्रीमती कमलेश कौरव, श्रीमती अंजली रायजादा, श्रीमती कुशुम कौरव, प्रयाग तोमर, आकाश श्रीवास्तव, चंदू सेन, अजीत राजपूत, राजेन्द्र जैन सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर खुलेंगे किले की पहाड़ी पर स्थित सोमेश्वर धाम के पट

रायसेन (आरएनएस)। रायसेन किले की पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध सोमेश्वर धाम में 26 फरवरी महाशिवरात्रि पर मेला लगेगा। बुधवार को आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और एसपी पंकज कुमार पांडेय ने मेला स्थल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर और एसपी ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान पुलिस, राजस्व और पुरातत्व विभाग की टीम भी मौजूद रही।

बता दें कि सोमेश्वर धाम के पट वर्ष में केवल एक बार, महाशिवरात्रि के दिन 12 घंटे के लिए खोले जाते हैं। मंदिर सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर के ताले खोले जाएंगे। इसके बाद यहां पहुंचे श्रद्धालु भगवान शिव का अभिषेक करते हैं, यह क्रम पूरे दिन भर जारी रहता है।

## ट्रेन से उतर रही महिला का पैर कटा

विदिश(आरएनएस)। विदिशा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को काशी एक्सप्रेस से उतरते समय 44 वर्षीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जानकी पंथी का पैर फिसल गया। वह ट्रेन के नीचे आ गईं, जिससे उनका बायां पैर घुटने के ऊपर से कट गया और हाथ में गंभीर चोट आई।

जानकी अपने पति लक्ष्मी नारायण पंथी के साथ पवई में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। वापसी में बासौदा से वह अकेली काशी एक्सप्रेस में सवार हुईं। उनके पति दूसरी ट्रेन से आ रहे थे। विदिशा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर ट्रेन रुकी, जहां उतरते समय यह हादसा हुआ।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत जानकी को अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। जानकी एलबीएस नगर, विदिशा की रहने वाली हैं। उनके पति एलआईसी एजेंट हैं। उनकी बेटी की शादी हो चुकी है और बेटा कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है।

## शादी में हर्ष फायरिंग, दो युवक को लगे छर्रे

दतिया (आरएनएस)। भांडेर थाना क्षेत्र के गांव चंद्रोल में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में दो लोग घायल हो गए। घटना मंगलवार की है, जिसमें गांव शुक्लहारी के रंजीत यादव ने 12 बोर की बंदूक से फायरिंग की। पुलिस ने जांच के बाद बुधवार को आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया है। गब्बर सिंह यादव के बेटे की शादी भांडेर में हुई थी। बुधवार को जब बरात गांव चंद्रोल लौटी, तो दुल्हन के स्वागत के दौरान रंजीत यादव ने हर्ष फायरिंग कर दी। फायरिंग के छर्रे पड़ोस के आसमान यादव और कुणाल यादव को लग गए। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी कोमल परिहार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी रंजीत यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नॉन सीयूईटी में छह बीए-बीएससी-एमई-एमटेक और एमफार्मा कोर्स होंगे शामिल

इंदौर (आरएनएस)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) में इस बार नान-सीयूईटी पाठ्यक्रमों में पंजीयन प्रक्रिया मार्च के अंतिम सप्ताह से शुरू हो सकती है। 2025-26 सत्र में नान-सीयूईटी के तहत कुछ नए कोर्स शामिल किए जा सकते हैं, जिनमें छह बीए और बीएससी के साथ एमई, एमटेक और एमफार्मा पाठ्यक्रम शामिल हैं। ये सभी पाठ्यक्रम पहले कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) का हिस्सा थे। इन्हें नान-सीयूईटी के तहत लाने का निर्णय प्रवेश समिति को लेना है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने मार्च में एक बैठक बुलाई है। नॉन-सीयूईटी के तहत 23 विभागों द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। इनमें फार्मेसी, पत्रकारिता, सामाजिक विज्ञान, भौतिकी, रसायनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर विज्ञान और वाणिज्य जैसे विभाग शामिल हैं।विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कुल 74 स्नातक, स्नातकोत्तर, सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में से कुछ को इस बार सीयूईटी-यूजी और पीजी से अलग कर नान-सीयूईटी के अंतर्गत जोड़ा गया है। इस बदलाव के बाद अगले सत्र में पाठ्यक्रमों की संख्या बढ़ गई है। पहले नॉन-सीयूईटी के तहत 79 पाठ्यक्रम थे, जो अब बढ़कर 88 हो गए हैं। इनमें बीएससी (गणित, भौतिकी, सांख्यिकी) और बीए (मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल) के पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिनमें 60-60 सीटें निर्धारित की गई हैं।

## जिले के गाँव-गाँव में ई-केवायसी व फार्मर आईडी का काम जारी

**गुरुवार को बरई व खेड़ा वीरान सहित अन्य गाँवों में बनाई गईं फॉर्मर आईडी**

ग्वालियर (ए.) । जिले के गाँव-गाँव में किसानों की फॉर्मर आईडी, ईकेवायसी, भू-लेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग व आधार से बैंक खाते लिंक करने का काम जारी है। इस क्रम में गुरुवार को जिले के ग्राम बरई व खेड़ा वीरान सहित अन्य गाँवों में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य मैदानी कर्मचारी पहुँचे और किसानों की ऑनलाइन फार्मर आईडी बनवाई और ई-केवायसी का काम भी कराया।एसडीएम डबरा दिव्यांशु चौधरी ने डबरा के ग्राम खेड़ा वीरान पहुँचकर फार्मर आईडी व ई-केवायसी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि इस कार्य की लगातार मॉनीटरिंग करें और ग्रामीणों को इसके प्रति जागरुक भी करें।

## 23 नवयुगल बंधे परिणय सूत्र मैं थामा एक-दूजे का दामन,लिए सात फेरे,जनप्रतिनिधियों ने घराती बनकर बारातियों का किया स्वागत

कटनी/बहोरीबंद(ए.)। कटनी जिले के विकासखण्ड बहोरीबंद मैं मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन बहोरीबंद के मरही माता मंदिर मे गुरुवार को आयोजित हुआ।जहां मरही माता मंदिर से बारात निकली व नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँची। जहां जनप्रतिनिधियों ने घराती बनकर बारातियों का स्वागत किया। विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया। इस सामूहिक विवाह में 23 नवयुगलों ने एक-दूजे का दामन थामा। हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न हुआ ।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा,दीनदयाल अंत्योदय समिति



अध्यक्ष सुनील जयरत्नम,एसडीएम राकेश चौरसिया, जनपद उपाध्यक्ष सोनम चौधरी, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार,जनपद सदस्य प्रवीण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, पीयूष अग्रवाल उपस्थित रहे ।विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े को 49 रूपये की स्वीकृति राशि पत्रक जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदान किया गया।

**वर-वधु को भेंट किया गया तुलसी का पौधा-**

समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम राकेश चौरसिया ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे परिवार जो गरीबी के कारण अपनी कन्या का विवाह करने में सक्षम नहीं होते हैं, उन कन्याओं के विवाह के लिए यह योजना बनाई गई है। इस योजना में जाति-धर्म का कोई बंधन नहीं रखा गया है। हर जाति धर्म के गरीब लोग इस योजना में अपनी कन्या का विवाह कराने के लिए पात्र है।

# व्यापार समाचार

## टेस्ला पूरी तरह से असेंबल्ड, महंगे मॉडल वाई के साथ कर सकती है भारत में एंट्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिकी इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता कंपनी टेस्ला इस साल के अंत में भारत में प्रवेश करने के लिए तैयार है। एलन मस्क द्वारा संचालित कंपनी टॉप-डाउन अप्रोच अपनाने के लिए तैयार है। कंपनी पहले देश में महंगे मॉडल लॉन्च करेगी और फिर सस्ते वाहन लॉन्च करेगी। इलेक्ट्रिक कार निर्माता कथित तौर पर अपनी बर्लिन गीगाफैक्ट्री से पूरी तरह से असेंबल्ड मॉडल वाई भारत में आयात करने के लिए तैयार है। इलेक्ट्रिक एसयूवी यूरोप में राइट-हैंड ड्राइव कॉन्फिगरेशन में निर्मित होती है। सरकार द्वारा हाल ही में घोषित संशोधित आयात शुल्क संरचना को देखते हुए टेस्ला मॉडल वाई की कीमत 60-70 लाख रुपये होगी। देश ने 40 हजार डॉलर (लगभग 34,780 रुपये) से अधिक कीमत वाली हाई-एंड कारों पर मूल सीमा शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया है। राइट-हैंड-ड्राइव मॉडल 3 भी शंघाई में बनाया जाता है, लेकिन चीनी कार आयात पर बाधाओं के कारण पहले चरण में इसके आने की संभावना नहीं है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान में टेस्ला वाहनों की स्थानीय असेंबली की कोई योजना नहीं है। हालांकि, निकट भविष्य में ये योजनाएं बदल सकती हैं। टेस्ला, जिसका पुणे में एक कार्यालय है, कथित तौर पर देश में अपना पहला शोरूम स्थापित करने के लिए मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और दिल्ली में एरोसिटी में स्थानों की तलाश कर रही है।कंपनी ने कम से कम 13 नई भूमिकाओं के लिए विज्ञापन दिया है, जिनमें से ज्यादातर मुंबई और दिल्ली के बाजारों के लिए हैं।लिंक्डइन विज्ञापनों के अनुसार, इन नौकरियों में बिजनेस ऑपरेशन एनालिस्ट, सर्विस टेक्नीशियन और कस्टमर एंगेजमेंट मैनेजर और ऑर्डर ऑपरेशंस स्पेशलिस्ट सहित विभिन्न सलाहकार भूमिकाएं शामिल हैं।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका में टेस्ला के मालिक एलेन मस्क से मुलाकात की और स्पेस, मोबिलिटी, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दुनिया के सबसे अमीर आदमी ने भारतीय बाजार के लिए टेस्ला का अधिक किफायती संस्करण विकसित करने के विचार पर भी विचार किया है, लेकिन इस पर अभी तक कोई खास प्रगति नहीं हुई है।

## अब सिगरेट पीना तंबाकू खाना होगा महंगा! सरकार जीएसटी बढ़ाने पर कर रही विचार

नई दिल्ली,(ए.)। केंद सरकार सिगरेट और तंबाकू पर जीएसटी बढ़ाने पर विचार कर रही है, ताकि टैक्स रेवेन्यू में कमी नहीं आ सके। अभी इन उत्पादों पर 28 फीसदी जीएसटी के अलावा कई चार्ज लगते हैं, जिससे कुल टैक्स 53 फीसदी हो जाता है, लेकिन यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सुझाए 75 फीसदी से कम है। यह बदलाव तंबाकू खाने वाले लोगों की जेब पर असर डालेगा। फिलहाल, सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर 28 फीसदी जीएसटी के अलावा कंपनसेशन सेस और अन्य चार्ज लगते हैं, जिससे कुल टैक्स 53 फीसदी हो जाता है। सरकार इसे बढ़ाकर 40 फीसदी करने और उस पर अलग से एक्साइज ड्यूटी लगाने पर विचार कर रही है।



सरकार का मकसद यह तय करना है कि कंपनसेशन सेस खत्म होने के बाद भी इन उत्पादों से टैक्स रेवेन्यू में कमी न आए। कंपनसेशन सेस 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। सरकार इस सेस की जगह किसी दूसरे सेस को लागू करने के पक्ष में नहीं है। एक अधिकारी के मुताबिक सेस को कारगर नहीं माना जाता है। सिगरेट और तंबाकू उत्पादों को 'सिन गुड्स' माना जाता है यानी ऐसे उत्पाद जो सेहत के लिए हानिकारक हैं। इन पर जीएसटी के अलावा बेसिक एक्साइज ड्यूटी और नेशनल कैलामिटी कंटिंजेंट ड्यूटी भी लगती है।

हाल ही में सिगरेट बनाने वाली कंपनियों आईटीसी), वीएसटी इंडस्ट्रीज और गॉडफ्रे फिलिप्स के शेयरों में गिरावट आई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि एक रिपोर्ट में सरकार द्वारा तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी बढ़ाने की बात कही गई थी। आईटीसी, फोर स्क्वायर बनाने वाली गॉडफ्रे फिलिप्स और चारमीनार बनाने वाली वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों में गुरुवार को भारी गिरावट देखने को मिली। सुबह आईटीसी का शेयर 1.6 फीसदी गिरकर 400 रुपए पर था, जबकि गॉडफ्रे फिलिप्स 3 फीसदी गिरकर 6,364.4 रुपए पर पहुंच गया था और वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर 3.7 फीसदी गिरकर 288.3 रुपए पर था।

डब्ल्यूएचओ ने सिगरेट पर 75 फीसदी टैक्स लगाने की सलाह दी है, लेकिन भारत में अभी यह 53 फीसदी ही है। तंबाकू और तंबाकू उत्पाद सरकार के लिए टैक्स रेवेन्यू का एक बड़ा स्रोत हैं। 2022-23 में इनसे 72,788 करोड़ रुपए का टैक्स रेवेन्यू जुटाया गया था।

## गुगल पे चलाने पर अब देना होगा चार्ज, हर ट्रांजेक्शन पर लगेंगे इतने पैसे

नई दिल्ली (आरएनएस)। गूगल पे का इस्तेमाल करते है तो आपके लिए इस खबर को पढ़ना जरूरी है। क्योंकि अब गूगल पे का इस्तेमाल करने पर आपको चार्ज देना पड़ेगा। गूगल ने यूजर्स से कनविनियंस चार्ज वसूलना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर आप बिल पेमेंट के लिए क्रेडिट या फिर डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करेंगे तो 0.5 फीसदी से 1 फीसदी तक का चार्ज आपसे लिया जाएगा, इस चार्ज के अलावा आपको जीएसटी भी देना पड़ेगा। हालांकि, अब तक गूगल पे यूजर्स से बिल पेमेंट्स के लिए कोई भी अतिरिक्त चार्ज नहीं लेता था। कनविनियंस चार्ज को लेकर फिलहाल गूगल पे ने कोई भी ऑफिशियल जानकारी नहीं दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जब एक ग्राहक ने जब बिजली बिल भरने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया तो ऐप ने 15 रुपए की कनविनियंस फीस यूजर से चार्ज की है. इस फीस को डेबिट/ क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन के लिए प्रोसेसिंग फीस नाम से ऐप में दिखाया जा रहा है जिसमें त्रस्ज्ञ भी शामिल है।गूगल पे के जरिए यूपीआई ट्रांजैक्शन पर चार्ज को लेकर फिलहाल कोई भी जानकारी नहीं है, ग्लोबल सर्विस फर्म क्क्२ष्ट के अनुसार, स्टेकहोल्डर्स को यूपीआई ट्रांजेक्शन प्रक्रिया में 0.25 फीसदी खर्च करना पड़ता है।




## लाइफ इंश्योरेंस सेक्टर को 100 प्रतिशत एफडीआई लिमिट के साथ मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली(ए.)। जीवन बीमा क्षेत्र की उच्च पूंजी तीव्रता के कारण विकास को बनाए रखने के लिए पर्याप्त निवेश की आवश्यकता होती है। एफडीआई लिमिट में वृद्धि से इस क्षेत्र को जरूरी पूंजी बढ़ावा मिलेगा, जिससे बीमाकर्ता अपनी मृत्यु दर कवरेज को बढ़ा सकेंगे। यह जानकारी रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

आईसीआरए को उम्मीद है कि बीमाकर्ताओं के लिए रिटेल सेगमेंट में बीमा राशि में वृद्धि रिटेल न्यू बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) में वृद्धि से आगे निकल जाएगी। प्राइवेट बीमाकर्ताओं ने वित्त वर्ष 2025 में सालाना आधार पर 9 महीनों में रिटेल बीमा राशि में 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो रिटेल एनबीपी वृद्धि के 17 प्रतिशत से अधिक है।रिपोर्ट में कहा गया है कि नए बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन वाले गैर-भागीदारी (गैर-बराबर) प्रोडक्ट की हाई वैल्यू से कम वीएनबी मार्जिन वाले यूनिट-लिंक्ड इंवेस्टमेंट प्लान (यूएलआईपी) प्रोडक्ट की ओर प्रोडक्ट मिक्स में बदलाव को देखते हुए, वीएनबी मार्जिन पर दबाव जारी रहने की संभावना है।इसके परिणामस्वरूप प्रोडक्ट शिफ्ट के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए बीमित राशि और राइडर अटैचमेंट में वृद्धि होगी। जीवन बीमाकर्ताओं के लिए पूंजी की आवश्यकता भी लागू बीमित राशि का एक कार्य है, बीमित राशि में उच्च वृद्धि के साथ, वृद्धिशील विकास के लिए पूंजी की तीव्रता उच्च रहने की उम्मीद है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में चाहे जितना भी उतार-चढ़ाव क्यों न हो, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल पर इसका असर देखने को नहीं मिलता है।



गुरुवार के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतें जारी कर दी गई हैं। गुरुवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतें वही हैं और यहां कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है ?कि पिछले कई महीनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमतों में आखिरी बार पिछले साल बदलाव किया गया था और उस दौरान आम लोगों को महंगे पेट्रोल और डीजल से राहत मिली थी, लेकिन उसके बाद से एक बार भी राहत नहीं मिली है। आपको जानकारी के लिए बता दें कि, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार मार्च 2024 में बदलाव किया गया था। 14 मार्च 2024 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आखिरी बार 2-2 रुपये प्रति लीटर की दर से बदलाव किया गया था। लेकिन उसके बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## डिजिटल पेमेंट सेवाओं पर अब देना होगा चार्ज




मुंबई (ए.)। भारत में अधिकांश लोग यूपीआई के जरिए भुगतान कर रहे हैं। देशभर में हर दिन करोड़ों यूपीआई से लेनदेन होते हैं। पेटीएम, गूगल पे और फोनपे जैसी कंपनियां यूपीआई पेमेंट सेवाओं में अग्रणी हैं और अब तक ये सेवाएं ज्यादातर मुफ्त रही हैं लेकिन अब शायद आपको इसके लिए अलग-अलग सर्विसेज के लिए फीस चुकानी पड़ सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर आप बिल पेमेंट के लिए क्रेडिट या फिर डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करेंगे तो 0.5 फीसदी से 1 फीसदी तक का चार्ज आप लोगों से लिया जाएगा, इस चार्ज के अलावा आपको जीएसटी भी देना पड़ेगा। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि एक साल पहले से ही गूगल पे यूजर्स से मोबाइल चार्ज पर 3 रुपए की कनविनियंस फीस चार्ज कर रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जब एक ग्राहक ने जब बिजली बिल भरने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया तो ऐप ने 15 रुपए की कनविनियंस फीस यूजर से चार्ज की है। इस फीस को डेबिट/ क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन के लिए प्रोसेसिंग फीस नाम से ऐप में दिखाया जा रहा है जिसमें जीएसटी भी शामिल है।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबल गुरुवार को भारतीय रुपया 24 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.88 पर बंद हुआ। सुबह कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.79 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजारों में सुस्त रुझान और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित कर रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय में रुपया 86.88 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले 86.79 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

## सोने के भाव में तेजी, चांदी की कीमत में भी उछाल

**- सोना 86,500 रुपए, चांदी भी लगभग 97,000 रुपए**

नई दिल्ली (ए.)। सोने और चांदी के वायदा कारोबार में गुरुवार को तेजी देखी जा रही है। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ के साथ कारोबार कर रहे हैं। इस समय आज सोने के वायदा भाव 86,500 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 97,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 510 रुपये की तेजी के साथ 86,420 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 578 रुपये की तेजी के साथ 86,488 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 86,488 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 86,411 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इसी महीने 86,592 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 391 रुपये की तेजी के साथ 96,797 रुपये पर खुला। इस समय यह 631 रुपये की तेजी के साथ 97,037 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# भीड़ का मुख्यद्धार पर न रोकना भगदढ़ का मुख्य कारण

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में अठारह लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक घायल हुए हैं। प्रयागराज और मगध एक्सप्रेस के अतिरिक्त विशेष ट्रेनों से महाकुंभ जाने वालों की भीड़ स्टेशन पर बढ़ती जा रही थी। रेलवे प्रशासन अत्यधिक भीड़ बढ़ने की वजह से यह घटना घटी बता रहा है। चश्मदीदों और यात्रियों का कहना कि पैदल पुल पर बेतहाशा बढ़ती भीड़ के कारण भगदड़ हुई। रेलवे पर कुछ ट्रेनों के अचानक रद्द करने का आरोप है। हैरत की बात है, रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई जिससे भीड़ को बाहर ही रोका जा सके। भीड़ को प्रवेश द्वारा पर न रोकना भगदढ़ का मुख्य कराण लोगों ने ज्यादा टिकट बुक कराई तब भी रेल-प्रशासन नहीं चेता। कुचल कर मरने की ऐसी घटनाएं प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता हैं। रेलवे में निजीकरण ने जिम्मेदारी में किसकी तय नहीं हो पाया इनकी लगातार पुनरावृत्ति बताती है, हम अभी भी उन्नीसवीं सदी में जी रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दंभ भरने वालों को इस भीषण भगदड़ में मारे जाने वालों के प्रति तनिक क्षोभ नहीं होता। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा अयोध्या और वाराणसी में भी प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के दौरान भी हो रहा है। मगर वहां की अव्यवस्था को लेकर भी खबरें न के बराबर आ रही हैं। नि:संदेह इतनी भारी भीड़ को संभालने में मुट्ठी भर पुलिसकर्मी कभी सफल नहीं हो सकते। कुंभ के दरम्यान मची भगदड़ के बाद की तरह इस बार भी विपक्ष द्वारा सरकार पर मृतकों और घायलों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया जा रहा है। अपनी नाकामी छिपाने तथा सच्चाई पर परदा डालने की बजाय सरकार को इन मौतों से सबक लेने के प्रयास करने चाहिए। भीड़ को नियंत्रित करने और सटीक अंदाजा लगाने वालों को प्रथम पंक्ति में लाना होगा। अक्षम अधिकारियों पर सख्ती करनी होगी, उन्हें सिर्फ घुड़की देने की रवायत के बाद हाथ झाड़ कर नहीं बैठना चाहिए। इस तरह के किसी भी बड़े आयोजन के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को स्पष्ट दायित्व दिए जाने चाहिए। जनता की जान की कीमत कम कर आंकने की आदत पर सरकार को पश्चाताप करना चाहिए। श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने और जबरदस्त प्रचार करने वालों को भारी संख्या में आने वालों को संभालने का तरीका भी खोजना होगा। अपनी पीठ खुद थपथपाने वालों को संवेदनशीलता से विचार करना ही होगा ताकि इस तरह की किसी भी दुर्घटना की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। खासकर पर्व आयोजन जैसे अवसरों पर पूरी तैयारी जरूरी है।



बारामुला में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश की बौछारें पड़ने से परिदृश्य शीतकालीन वंडरलैंड में बदल गया।

# सोता रहा रेलवे,रोती रही आस्था

**नितिनमोहन शर्मा**

नईदिल्ल स्टेशन पर बढ़ती बेतहाशा भीड़ का सीसीटीवी पर रेलवे के मौके पर मौजूद अफसरों को नजऱ नही आ रही थी दिल्ली हादसे पर इंदौर के अखबार खुलासा फर्स्ट द्वारा उठाया ये सवाल हादसे की जांच का मुख्य बिंदु बन गया हैं। ऐसे ही आज भी एक सवाल सबसे मोजू है कि 13 जनवरी यानी कुंभ के आगाज़ के साथ ही रेल के सफऱ के बुरे हाल मोदी सरकार के रेल मंत्रालय को नजऱ नही आ रहें थे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव स्टेशनों व प्लेटफॉर्म पर पसरी अराजकता से अंजान थे डिब्बों में तोडफ़ोड़ करने के समाचार व दृश्य से मंत्री महोदय बेख़बर क्यो बने रहें महिनों पहले महंगे टिकट रिजर्वेशन कर कुंभ नगरी जाने वाले लाखों लोगों के बुरे हाल पर भी भारत सरकार का रेल मंत्रालय क्यो चेन की नींद सोता रहा अब अगर विपक्ष रेल मंत्री का इस्तीफा मांग रहा है तो वह राजनीति का विषय कैसे हो गया ये तो शुद्ध आस्था का विषय है कि रेलवे मंत्रालय, रेल मंत्री सोते रहे और आस्था रोती रही। दबती रही, कुचलती रही, दम तोड़ती रही। आस्थावान सरकार, आस्था के प्रति इस बेफिक्री पर मंत्री को दंड देगी या मंत्री महोदय के मानस में व्याप्त नैतिकता उन्हें झकझोरेगी जिन्होंने रेल मंत्रालय की परिधि में अपनों को खोया, वे ही नही...देश की इस पर नजरें हैं। महाकुंभ तक आने जाने के लिए रेल से सफऱ के जो नज़ारे देश-दुनिया देख रही थी, वो क्या रेल मंत्रालय को नजऱ नही आ रही थी? कांच फोड़ते, खिड़की तोड़ते, इंजिन में घुसते, डिब्बों में दबते, स्टेशनों पर कुचलते लोग क्या रेलवे के अफ़सरों को नही दिख रहें थे? जब से कुंभ का शुभारंभ हुआ, रेल के सफऱ के बुरे हाल दृश्य श्रव्य माध्यमों पर सरेआम दिखाए जा रहें थे, बावजूद इसके रेलवे के जिम्मेदार सोते रहे और निर्दोष आस्था रोने बिलखने को मजबूर होती रहीं। आखिऱ रेलवे मंत्रालय की जवाबदेही क्यो तय नही होती? जिम्मेदार अफ़सर अब तक दंड के दायरे से क्यो बाहर हैं? जो व्यवस्था दिल्ली में हादसे के दूसरे दिन यानी रविवार को हुई, वह शनिवार को क्यो



नही हो पाई? इसका जवाब हैं क्या किसी के पास? क्या केवल स्पेशल ट्रेन चला भर देने से रेलवे की इतने बड़े आस्था के उत्सव के लिए काफ़ी था? रेल वाले स्पेशल ट्रेनों के आंकड़े गिना रहें हैं लेकिन् इन स्पेशल ट्रेनों में सफऱ कैसे हो रहा हैं, इस पर किसी का ध्यान क्यो नही गया? 13 जनवरी से रेल के सफर के बुरे हाल सब तरफ़ चर्चा में थे। बावजूद इसके रेल मंत्रालय क्या करता रहा? ये सवाल विपक्ष का ही नही, जन जन का हैं। जवाब देना ही पड़ेगा। अन्यथा ये माना जायेगा कि रेल मंत्रालय ने ही आस्था से अभिभूत जनसामान्य को मरने के लिए छोड़ा था।

रिज़र्वेशन क्लास के डिब्बो में जिस तरह से अराजकता पसर रही थी, वह वक्त रहते क्यो नही थामी गई? लोगों में एसी कोच तक को नही बख्शा। उसके हाल भी जनरल डिब्बे से बदतर कर दिये। दरवाज़ों को ल मार कर तोड़ा जा रहा था। एसी कोच के कांच फोड़े जा रहें थे। एक डिब्बे में एक हज़ार यात्रियों के घुसने, दबने के नज़ारे क्या सिर्फ़ देश ही देख रहा था? मोदी सरकार का रेल मंत्रालय इस सबसे बेख़बर था? अगर नही था तो फिऱ ये सीधे जिम्मेदारी रेल मंत्री महोदय की नही बनती क्या?

प्रयागराज आने जाने वाले तमाम रेलवे स्टेशनों पर एक जैसे हालत थे। फिऱ चाहे वह सतना हो या पटना या फिऱ दिल्ली हो या भोपाल। हज़ारों की भीड़ हर स्टेशनों पर पहुँच रही थी लेकिन् वह भगवान भरोसे क्यो छोड़ दी गई? आम आदमी का प्रयागराज सफऱ तो रेलवे के जरिये ही पूरा होना था। उसके पास कहा कार व अन्य चार पहिया वाहन हैं। वह तो बाल बच्चो सँग रेलवे स्टेशन की तरफ ही बढ़ेगी। आखिऱ रेल ही तो आस्था के इस रेले का कुंभ नगरी जाने का एकमात्र जरिया थी। बावजूद इसके भारत सरकार का रेल मंत्रालय क्या करता रहा? सिर्फ़ स्पेशल ट्रेन चला देने या रेल के फेरे बढ़ा देने तक ही उसकी जवाबदारी थी?

हादसे के बाद के बंदोबस्त पहले से लागू क्यों नही हुए?

रेल मंत्रालय की स्टेशन के अंदर, बाहर व डिब्बों के अंदर बाहर के हालात पर कोई तेयारी क्यो नही थी? कुंभ नगरी तक न पहुँचने का स्टेशनों पर पसरते गु़स्से पर भी वह आंखें मूंदे क्यो बैठा रहा? सिर्फ़ जीआरपी के ज़रिए हज़ारों लाखों लोगों को संभालने तक ही रेलवे क्यो सीमित रहा? स्थानीय पुलिस महक़मा रेलवे का सहयोगी क्यो नही बनाया गया? जैसा दिल्ली में शनिवार को हुए मौत के तांडव के बाद रविवार को स्थानीय पुलिस की मदद ली गई, वैसा कुंभ की शुरुआत से ही क्यो नही किया गया?

प्रयाग जंक्शन जैसी व्यवस्था रेलवे ने हर स्टेशन पर क्यो नही की?

प्रयागराज में योगी सरकार ने पहले ही दिन से स्थानीय पुलिस को भी रेलवे स्टेशनों की जवाबदारी दी। स्टेशन के अंदर बेतहाशा भीड़ नही बढने् देने व प्लेटफॉर्म पर कतारबद्ध लोगो को जाने देने का काम योगी सरकार ने किया। नतीजे़ में जहाँ करोडों पहुँचे, वहां एक भी हादसा रेलवे स्टेशन पर नही हुआ। जबकि जो दिल्ली में हुआ, वह हूबहू 2013 कुंभ में इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर हुआ था।

प्रयाग जंक्शन की व्यवस्था रेलवे मंत्रालय ने हर स्टेशन पर क्यो नही की? क्यो नही उसने हर उस स्टेशनों पर पुलिस मदद की जरूरत महसूस नही हुई, जहाँ बोगियों में घुसने की मारामारी चंल रही थी?

# देश में सूचना क्रांति की महत्व बढ़ा


**विनीत नारायण**

***एक बार लॉस एंजेलिस में उद्योगपतियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते समय मैंने श्रम आधारित तकनीकी के समर्थन और औद्योगिकरण के विरोध में काफी जोर से भाषण दिया। तब वहां मौजूद एक धनाढय् उद्योगपति गणपत पटेल ने मुझे एक पुस्तक भेंट की जिसमें बताया गया था कि 1920 में अमेरिका में जिन क्षेत्रों में रोजगार काफी मात्रा में उपलब्ध था, वे क्षेत्र 1960 के दशक में गायब हो गए। पर इससे बेरोजगारी नहीं बढ़ी क्योंकि अनेक नये रोजगार क्षेत्र विकसित हो गए। उदाहरण के तौर पर 1920 के दशक में हाथ की मशीन पर टाइप करने वालों की भारी मांग थी पर कंप्यूटर आने के बाद यह मांग समाप्त हो गई। 1920 में हवाई जहाज के पायलटों की कोई मांग नहीं थी। पर बाद में हजारों पायलटों की मांग पैदा हो गई।***

पटेल ने मुझसे जोर देकर कहा कि तकनीकी आने से बेरोजगारी नहीं बढ़ती। ऐसा ही अनुभव आज देश में सूचना क्रांति को देख कर हो रहा है। सूचना क्रांति ने हर क्षेत्र को बहुत व्यापक रूप में प्रभावित किया है। कुछ वर्ष पहले तक व्यापारी के बही-खातों में आमदनी-खर्च का जो हिसाब रखा जाता था वो इतना माकूल होता था कि उसमें एक पैसे की भी गलती नहीं होती थी। सदियों से भारत में यही प्रथा चल रही थी पर कंप्यूटर क्रांति ने सब बदल कर रख दिया। अब व्यापार के आंकड़े केवल आमदनी खर्च तक सीमित नहीं है। अब तो व्यापारी यह जानना चाहता है कि उसका कौन सा उत्पादन किस इलाके में ज्यादा बिक रहा है। उसके ग्राहक किस वर्ग के हैं।

साल के किस महीने में उसकी बिक्री बढ़ जाती है। कौन सी राजनैतिक या सामाजिक घटनाओं के बाद किस वस्तु की मांग अचानक बढ़ जाती है। जैसे-जैसे यह जानकारी उत्पादक या वितरक कंपनी के पास आती-जाती है, वैसे-वैसे उसका नजरिया और नीति बदलने लगती है। जबकि बही-खाते में केवल आमदनी-खर्च या लाभ-घाटे का हिसाब रखा जाता था। सांप्रदायिक दंगों का अंदेशा हो तो अचानक शहर में डबल रोटी, दूध, चाय, कॉफी के पैकेट, दाल-चावल, चीनी, मोमबत्ती, टॉर्च, शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है। जाहिर है कि इन वस्तुओं के निर्माताओं को देश की नाड़ी पर इस नजरिए से निगाह रखनी पड़ती है। जिस इलाके में सांप्रदायिक तनाव बढ़े वहां इन वस्तुओं की आपूर्ति तेजी से बढ़ा दी जाए। इसी तरह बरसात से पहले छाते और बरसाती की मांग, गर्मी से पहले कूलर और एसी की मांग, जाड़े से पहले हीटर और गीजर की मांग बढ़ जाना सामान्य सी बात है। पर एसी बीस हजार रु पये वाला बिकेगा या पचास हजार रु पये वाला, यह जानने के लिए उसे ग्राहकों का मनोविज्ञान और उनकी हैसियत जानना जरूरी है। अगर निम्न वर्गीय रिहायशी क्षेत्र में लिप्टन की ग्रीन लेबल चाय के डिब्बे दुकानों पर सजा दिए जाएं तो शायद एक डिब्बा भी न बिके पर रेड लेबल चाय धड़ल्ले से बिकती है। धनी बस्ती में पांच रु पये वाला ग्लूकोज बिस्कुट का पैकेट खरीदने कोई नहीं आएगा पर पांच सौ रु पये किलो की कूकीज के पैकेट धड़ल्ले से बिकते हैं। इसलिए इन कंपनियों को हर पल बाजार और ग्राहक के मूड पर निगाह रखनी होती है। इससे ये कंपनियां कई अहम फैसले ले पाती हैं। मसलन, उत्पादन कब, कैसा और कितना किया जाए। वितरण कहां, कब और कितना किया जाए। विज्ञापन का स्वरूप कैसा हो। उसमें किस वर्ग का प्रतिनिधित्व किया जाए और क्या कहा जाए जो ग्राहक का ध्यान आकर्षित कर सके। इसी सूचना संकलन का असर था कि 10 वर्ष पहले सभी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने विज्ञापन अंग्रेजी की बजाय क्षेत्रीय भाषाओं में देने शुरू कर दिए। वरना हमारे बचपन में तो लक्स साबुन का विज्ञापन हिन्दी के अखबार में भी अंग्रेजी भाषा में आता था। जब सूचना का इतना महत्त्व बढ़ गया है तो जाहिर है कि इस सूचना को एकत्र करने वाले, प्रोसेस करने वाले और उसका विश्लेषण करने वाले सभी की मांग बजार में बेहद बढ़ गई है। यहां तक कि केवल इसी किस्म की सेवाएं देने वाली कंपनियों की बाढ़ आ गई है। जैसे पहले शेयर मार्केट को चलाने वाले बड़े-बड़े दलाल और बड़ी कंपनियां होती थीं पर आज इंटरनेट की मदद से देश के हर कस्बे और शहर में शेयर मार्केट में खेलने वाली हजारों कंपनियां खड़ी हो गई हैं। अर्थव्यवस्था ही नहीं, कानून की स्थिति को बनाए रखने के लिए भी इस सूचना क्रांति ने भारी मदद की है। आज अपराधियों या आतंकवादियों के बारे में सूचना का भंडार पुलिस विभाग के पास उपलब्ध है, और आवश्यकता पडने् पर मिनटों में देश में इधर से उधर भेज दिया जाता है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी इस सूचना क्रांति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के सैकड़ों दरवाजे खोल दिए हैं।

आज देश के लगभग सभी शहरों, गांवों और कस्बों में इंटरनेट की मदद से बच्चों के पास दुनिया भर की जानकारी बड़ी आसानी से पहुंच रही है।जब 1985 में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कंप्यूटराइजेशन की बात की थी तो विपक्षी दलों और उनसे जुड़े पत्रकारों ने श्री गांधी का खूब मखौल बनाया था। उन पर कार्टून बनाए गए थे जिनमें दिखाया गया कि भूखे लोगों को राजीव गांधी कंप्यूटर सिखा रहे हैं। उस वक्त हमला करने वाले सभी राजनैतिक दल आज सबसे ज्यादा कंप्यूटर का प्रयोग कर रहे हैं। यह अनुभव यही बताता है कि हम राजनीति में हों या मीडिया में, तथ्यों का विवेकपूर्ण मूल्यांकन करें तो देश का लाभ होगा। विरोध के लिए विरोध करना सनसनीखेज तो हो सकता है पर इससे जनहित नहीं सधता। क्या यह बात हमारे देश के सभी सांसद सोचेंगे?





मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें कि दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बातें शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगें। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नव विवाहितों को आज घूमने जाने का मौका मिलेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हँसी-मज़ाक में बीतेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें।

सिंह राशि : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यो में वाह-वाही मिलेगी।

कन्या राशि: आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें।

धनु राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करियर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको ख़ुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। बच्चे आज किसी जरुरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे, जिससे उनके काम पूरे होंगे। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे।

# मातृभाषाएं संवारती हैं संस्कार और संस्कृति को

**- ललित गर्ग**

मातृभाषा केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपराओं, जीवनमूल्यों और इतिहास को संजोने का एक सशक्त साधन है। यह समाज, संस्कृति एवं राष्ट्र के लिए पहचान का महत्वपूर्ण साधन होती है। शोध बताते हैं कि बच्चे अपनी मातृभाषा में पढ़कर अधिक अच्छी तरह से समझ विकसित करते हैं, वहीं आमजन के लिये संवाद एवं व्यवहार का प्रभावी माध्यम भी यही है। इससे उनकी बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता में वृद्धि होती है। यूनेस्को ने मातृभाषा के महत्व को समझते हुए मातृभाषा के संरक्षण और बहुभाषी शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर साल 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 1999 में की और 2000 से इसकी शुरुआत की। इस वर्ष 25वीं वर्षगांठ मनाते हुए इसकी थीम भाषा का महत्व: अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह है, जो 2030 तक अधिक समावेशी और टिकाऊ विश्व के निर्माण के लिए भाषाई विविधता पर प्रगति में तेजी लाने की आवश्यकता को रेखांकित करेगा। भाषाई विविधता को बढ़ावा देने, लुप्तप्राय भाषाओं की रक्षा करने और बहुभाषी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को प्रदर्शित करने पर जोर दे रहा है। तकनीकी विकास और इंटरनेट के सुरक्षित विस्तार के साथ, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि स्थानीय और मातृभाषाओं को डिजिटल माध्यमों में कैसे संरक्षित किया जाए। यह दिवस हमें भाषाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित करने और अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए प्रेरित करता है। यूनेस्को का मानना है कि स्थायी समाज के लिए सांस्कृतिक और भाषाई विविधता बहुत जरूरी है। शांति के लिए अपने जनादेश के तहत यह संस्कृतियों और भाषाओं में अंतर को बनाए रखने के लिए काम करता है जो दूसरों के लिए सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देते हैं। बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक समाज अपनी भाषाओं के माध्यम से अस्तित्व में रहते हैं जो पारंपरिक ज्ञान और संस्कृतियों को स्थायी तरीके से प्रसारित और संरक्षित करते हैं। भाषाई विविधता लगातार खतरे में पड़ती जा रही है क्योंकि अधिकाधिक भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत आबादी को उस भाषा में शिक्षा





प्राप्त करने की सुविधा नहीं है जिसे वे बोलते या समझते हैं। फिर भी, बहुभाषी शिक्षा में प्रगति हो रही है, इसके महत्व की समझ बढ़ रही है, खासकर प्रारंभिक स्कूली शिक्षा में, और सार्वजनिक जीवन में इसके विकास के लिए अधिक प्रतिबद्धता है।

मातृभाषा जीवन का आधार है, यह एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढ़ाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरु कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। विश्व में विगत 40 वर्षों में लगभग डेढ़ सौ से अधिक अध्ययनों के निष्कर्ष हैं कि मातृभाषा में ही शिक्षा होनी चाहिए, क्योंकि बालक को माता के गर्भ से ही मातृभाषा के संस्कार प्राप्त होते हैं। भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.श्रीनाथ शास्त्री के अनुभव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने वाले की तुलना में भारतीय भाषाओं के माध्यम से पढ़े छात्र, अधिक वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं।

भारत में मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के स्तर पर भी बहुभाषिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार किया है। हमारे देश में मातृभाषाओं के प्रति अनेक प्रकार के भ्रम फैले हैं, जिनमें एक भ्रम है कि अंग्रेजी विकास और ज्ञान की भाषा है। जबकि इस बात से यूनेस्को सहित अनेक संस्थानों के अनुसंधान यह सिद्ध कर चुके हैं कि अपनी भाषा में शिक्षा से ही बच्चे का सही एवं सर्वांगीण मायने में विकास हो पाता है। इस दृष्टि से मातृभाषा में शिक्षा पूर्ण रूप से वैज्ञानिक है। इसी मत को भारत के राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र तथा शिक्षा संबंधित सभी आयोगों आदि ने भी माना है।

मातृभाषा को प्रोत्साहन देकर ही भारत सुपर पावर बनने के अपने सपने को साकार कर सकता है। इस महान उद्देश्य को पाने की दिशा में विज्ञान, तकनीक और अकादमिक क्षेत्रों में नवाचार और अनुसंधान करने के अभियान को तीव्रता प्रदान करने के साथ मातृभाषा में शिक्षण को प्राथमिकता देना होगा। मातृभाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में भी हिन्दी ने देश को एकजुट करने में सशक्त भूमिका का निर्वहन किया। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक मातृ भाषाओं को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। 85 संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के तीन हजार विशेषज्ञों के पीपुल्स लिंग्युस्टिक सर्वे आफ इंडिया (पीएलएसआई) के अध्ययन के अनुसार पिछले 50 वर्षों के दौरान 780 विभिन्न बोलियों वाले देश की 250 भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। इनमें से 22 अधिसूचित भाषाएं हैं। जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार 10 हजार से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली 122 भाषाएं हैं। बाकी 10 हजार से कम लोगों द्वारा बोली जाती है।





## सोशल मीडिया पर बेचे जा रहें महाकुंभ में नहाते और कपड़े बदलती महिलाओं के वीडियो, पुलिस ने लिया एक्शन

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। महाकुंभ में 55 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके है। इस बीच कुछ लोग ऐसे है जो घिनौनी हरकतों को अंजाम दे रहे है। महिलाओं के संगम स्नान के वीडियो को सोशल मीडिया पर बेचा जा रहा है।

साइबर पेट्रोलिंग के दौरान पता चला कि महाकुंभ में आई कुछ महिलाओं के स्नान करने और कपड़े बदलते समय का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया जा रहा है। पुलिस ने एक ऐसे ही इंस्टाग्राम अकाउंट @neha1224872024 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया। इस अकाउंट के माध्यम से महिला स्नानार्थियों के अशोभनीय वीडियो पोस्ट किया गया था। महिलाओं के वीडियो टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपलोड किए जा रहे है और बेचा भी जा रहा है।

प्रयागराज पुलिस ने महिला स्नानार्थियों की अमर्यादित वीडियो को पोस्ट करने और बेचने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया- महिला श्रद्धालुओं की अशोभनीय वीडियो, फोटो शेयर करने और टेलीग्राम पर बेचने का दावा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब पुलिस टीम आरोपियों की वास्तविक पहचान करते हुए गिरफ्तारी करेगी।

## जौनपुर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत, सीएम योगी ने लिया संज्ञान

जौनपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर के बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर में गुरुवार सुबह अलग-अलग हादसों में आठ दर्शनार्थियों की मौत हो गई। जबकि हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसों का संज्ञान लिया है।

झारखंड से दर्शनार्थियों से भरी सूमो महाकुंभ प्रयागराज के बाद अयोध्या जा रही थी। बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर में सूमो को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें पांच की मौत ही गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

दूसरा हादसा भी कुछ देर बाद इसी स्थान पर हुआ। दिल्ली के दर्शनार्थियों को लेकर जा रही बस खड़ी राशन लदे ट्रक में जा घुसी। इसमें चालक और दो महिलाओं की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। एसपी डॉ. कौस्तुभ घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस दोनों हादसों की जांच कर रही है।

वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद जौनपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। सीएम ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को अस्पताल पहुंचकर घायलों का समुचित इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में आगरा-अलीगढ़ हाईवे पर बुधवार सुबह ट्रक और मिनी लोडर मैक्स के बीच जोरदार टक्कर हो गई थी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हुए थे। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान मनदीप (36) और युवराज (28) और अंकित (18) के रूप में हुई थी। जबकि पवन, दीपक और अमन घायल हो गए थे।

## पुणे में जीबीएस से दहशत, 11 ने तोड़ा दम

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 183 मरीजों में जीबीएस का उपचार किया गया है, जबकि 28 मामले संदिग्ध जीबीएस के हैं।

इस बीमारी के कारण कुल 11 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें से 4 मौतों की वजह जीबीएस को बताया जा रहा है, जबकि 7 मौतें संदिग्ध हैं।

इन मरीजों में से 42 मरीज पुणे नगर निगम, 94 मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के, 32 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, 33 मरीज पुणे ग्रामीण क्षेत्र और 10 अन्य जिलों से हैं।

अब तक 144 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि 36 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं और 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।


इससे पहले 12 फरवरी को महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के बढ़ते मामलों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने आईएएनएस से बातचीत की थी।प्रकाश आबिटकर ने बताया था, जीबीएस के कारण जब पुणे में मरीज बढ़े थे, तब लोग बहुत परेशान हुए थे। जीबीएस के मरीज काफी पहले से ही महाराष्ट्र में हैं। मरीजों की संख्या में जो लगातार इजाफा हो रहा था, उसे कंट्रोल करने में हम सक्षम हैं। इस बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि इसकी कोरोना से तुलना करने की जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा था कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से जितने भी मरीज पीड़ित हुए हैं, वे जल्द ही ठीक हुए हैं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है। जीबीएस को लेकर जिस तरह के दावे किए जा रहे थे कि यह कोरोना की तरह फैलेगा, ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ है।

# अयोध्या, मथुरा के विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

लखनऊ ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व चल रही सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 2025-26 के पेश किए गए बजट में पर्यटन में उत्तर प्रदेश को मिल रही ऊंचाइयों से सदन को अवगत कराया। साथ ही धर्मार्थ कार्यों को लेकर सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 के बीच उत्तर प्रदेश में कुल 65 करोड़ से अधिक पर्यटक आये। इनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख है। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के लिए 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। अयोध्या क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिये 150 करोड़ रुपये, मथुरा में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 125 करोड़ रुपये तथा नैमिषारण्य में पर्यटन अवस्थापना



सुविधाओं के विकास हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश के प्रमुख राज्य/ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्यटकों की सुविधा हेतु वे-साईड एमेनिटीज के निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं चित्रकूट क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।धर्मार्थ कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील योगी सरकार ने श्री बांके बिहारी जी महाराज मन्दिर मथुरा-वृन्दावन कॉरिडोर के निर्माण हेतु भूमिक्रय के लिए 100 करोड़ रुपये तथा निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान प्रस्तावित किया है। जनपद मीरजापुर के त्रिकोणीय क्षेत्र में मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर, मां अष्टभुजा मन्दिर, मां काली खोह मन्दिर के परिक्रमा पथ एवं जनसुविधा स्थलों को विकसित किये जाने के लिए भूमि क्रय हेतु 100 करोड़ रुपये तथा वृहद निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।सुरेश खन्ना ने बताया कि जनोपयोगी संरक्षित मंदिरों के जीर्णोद्धार/पुनर्निर्माण हेतु 30 करोड़ का बजट प्रावधान प्रस्तावित है।




उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्य के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल देहरादून में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए राज्य का बजट पेश करने के लिए विधानसभा पहुंचे.

## हम इन्हीं आंखों से भारत को विश्व गुरु बनते देखेंगे, मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों पर जताया भरोसा, दी बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली(आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने झंडेवालान में पुनर्निर्मित 'केशव कुंज' के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कहा कि 'देश में संघ कार्य गति पकड़ रहा है, व्यापक हो रहा है। आज जिस पुनर्निर्मित भवन का यह प्रवेशोत्सव है, उसकी भव्यता के अनुरूप ही हमें संघ कार्य का स्वरूप भव्य बनाना है और हमारे कार्य से उसकी अनुभूति होनी चाहिए। यह कार्य पूरे विश्व तक जाएगा और भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आंखों से बनते देखेंगे, यह विश्वास है। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों को इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। हमें इसके लिए कार्य को सतत विस्तार देना होगा।'

उन्होंने कहा कि आज संघ के विभिन्न आयामों के माध्यम से संघ कार्य का विस्तार हो रहा है। इसलिए अपेक्षा है कि संघ के स्वयंसेवक के व्यवहार में सामर्थ्य, शुचिता बनी रहे। आज संघ की दशा बदली है, लेकिन दिशा नहीं बदलनी चाहिए। समृद्धि की



आवश्यकता है, जितना आवश्यक है उतना वैभव होना भी चाहिए, लेकिन ऐसा मर्यादा में रहकर होना चाहिए। केशव स्मारक समिति का यह पुनर्निर्मित भवन भव्य है, इसकी भव्यता के अनुरूप ही कार्य खड़ा करना होगा।

महाल की शुरुआत का जिक्र

सरसंघचालक ने इस अवसर पर संघ की शुरुआत से ही आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार जी द्वारा झेली अनेक कठिनाइयों का उल्लेख किया और नागपुर में पहले कार्यालय 'महाल' की शुरुआत के बारे में बताया।

# जवान लड़के-लड़कियों को प्यार करने की आजादी होनी चाहिए : हाईकोर्ट

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में कहा है कि 18 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को वैधानिक बलात्कार कानूनों के भय से मुक्त होकर रोमांटिक और सहमति-आधारित संबंध बनाने की आज़ादी होनी चाहिए। कोर्ट का तर्क है कि किशोरावस्था में सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंधों को अपराध मानकर, इन युवाओं के भावनात्मक विकास और प्रेम के अनुभव को बाधित किया जा रहा है।

जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने कहा कि यदि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से स्थापित हों और उसमें किसी भी प्रकार का शोषण या दुर्व्यवहार न हो, तो ऐसे रिश्तों को स्वीकार किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को युवाओं के प्रेम को सम्मान देने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जबकि नाबालिगों की सुरक्षा के लिए सहमति की कानूनी उम्र 18 वर्ष तय है, कानून को ऐसे रिश्तों को अपराध बनाने की बजाय, इनमें शोषण और दुर्व्यवहार को रोकने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इससे युवा व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके भावनात्मक विकास को भी महत्व मिलेगा।

मार्च 2024 में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने एक 21 वर्षीय व्यक्ति को POCSO मामले में जमानत देते हुए कहा था कि अदालतें किशोर प्रेम को नियंत्रित नहीं कर सकतीं। इसके अतिरिक्त, जुलाई 2024 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि सहमति से बने रिश्तों में POCSO का दुरुपयोग हो रहा है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2014 के एक मामले में फैसला सुनाया था, जिसमें एक पिता ने शिकायत की थी कि उनकी बेटी (कक्षा 12 की) ट्यूशन क्लास के बाद एक लड़के के साथ मिली थी। ट्रायल कोर्ट ने सभी आरोपों से आरोपी को बरी कर दिया था, और बाद में राज्य की अपील को 30 जनवरी, 2025 को खारिज कर दिया गया। कोर्ट ने यह रेखांकित किया कि बिना लड़की की सही उम्र के सबूत के आरोपी को POCSO अधिनियम के तहत दोषी ठहराना न्याय के खिलाफ होगा। हालांकि, यह सिद्धांत तब लागू नहीं होगा जब साबित हो जाए कि लड़की की उम्र घटना के समय 14-15 वर्ष से कम थी।

## मुंबई पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया, दो गिरफ्तार

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने अंधेरी इलाके में चल रहे एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को रेस्क्यू किया है, जिसका शोषण किया जा रहा था। पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सहार पुलिस को अंधेरी इलाके के मरोल में एक गेस्ट हाउस में वेश्यावृत्ति गतिविधियों के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गेस्ट हाउस में छापेमारी की। रेस्क्यू की गई नाबालिग लड़की को पैसों का लालच दिया गया था। जांच में पता चला कि आरोपी नाबालिग लड़कियों को विदेशी पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करते थे।

मुंबई पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार दो लोगों की पहचान सलमान और जबरूल के रूप में हुई है। आरोपियों में से एक गेस्ट हाउस का मैनेजर है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर लड़कियों को निशाना बनाते थे और उन्हें वेश्यावृत्ति में धकेलते थे।

पुलिस द्वारा रेस्क्यू की गई लड़की ने बताया कि उसे और अन्य पीड़ितों को विदेशी पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया जाता था। आरोपी उन्हें कमाई का एक छोटा हिस्सा देते थे और ज्यादातर पैसे अपने पास रख लेते थे। मेडिकल जांच के बाद नाबालिग लड़की को जुवेनाइल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## पार्टी ने मेरे लिए स्पीकर का पद तय किया है : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी नेता विजेंद्र गुप्ता ने आईएएनएस से कहा कि पार्टी ने उन्हें स्पीकर पद के लिए चुना है और वो कोशिश करेंगे की सदन में अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन कर सकें।

उन्होंने कहा, आज का दिन बेहद खुशी का है। सत्ताईस साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में सत्ता में आ रही है, और आज शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। हम सभी उस समारोह में शामिल होने के लिए वहां जा रहे हैं। मैं अपनी नई मुख्यमंत्री रेखा जी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। शपथ ग्रहण के इस खास मौके पर पूरे मंत्रिमंडल को भी मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

उन्होंने आगे कहा, पार्टी ने फैसला किया है कि मुझे स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाए और मैं दिल्ली विधानसभा को नियमों व कानून के दायरे में चलाऊंगा। यह लोकतंत्र का मंदिर है और इसी भावना के साथ हमें काम करना है।

हालांकि पार्टी ने स्पीकर किसे बनाया जाएगा इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

उन्होंने कहा, हमने यमुना की सफाई को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया है और बहुत कम समय में इसे पूरा करके दिखाएंगे।

इसके बाद उन्होंने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा, इसके अलावा मेरा मानना है कि जो चीज महल कहलाती है, वह दिल्ली की राजनीतिक परिस्थितियों में एक बदनुमा दाग है। यह किसी भी सरकार के भ्रष्टाचार का ज्वलंत उदाहरण है। मैं इसे भ्रष्टाचार का साम्राज्य कहूंगा। भारतीय जनता पार्टी इसे छूना भी नहीं चाहेगी। यह पूरी तरह जांच के दायरे में है।उन्होंने कहा, जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उस स्थान का जनहित में उचित उपयोग होना चाहिए। जो बदलाव और संशोधन वहां किए गए थे, उसे वापस उसी मूल रूप में लाया जाना चाहिए, ताकि 50 हजार गज का परिसर अपने मूल 10 हजार गज के क्षेत्र में वापस आ सके।

# पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए एक बूंद पानी भी अतिरिक्त नहीं : मान



चंडीगढ़ (आरएनएस)। रावी-ब्यास जल ट्रिब्यूनल के समक्ष राज्य के आधिकारिक पक्ष की पुरजोर वकालत करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए पानी की एक भी बूंद अतिरिक्त नहीं है।

चेयरमैन जस्टिस विनीत सरन के नेतृत्व वाली ट्रिब्यूनल, सदस्य जस्टिस पी. नवीन राव, जस्टिस सुमन श्याम तथा रजिस्ट्रार रीटा चोपड़ा के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी साझा करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। श्री मान ने रावी जल प्रणाली के अध्यन के लिए राज्य के दौरे पर आए ट्रिब्यूनल से अपील की कि वह पंजाब के लोगों को न्याय दिलाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) की स्थिति अत्यंत गंभीर है, क्योंकि यहां भूजल निकासी की दर 100 प्रतिशत से भी अधिक है, जबकि हरियाणा में यह केवल 61.5 प्रतिशत ब्लॉक (143 में से 88) में ही अत्यधिक दोहन की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकांश नदी स्रोत सूख चुके हैं, इसलिए पंजाब को अपनी सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब में पानी की भारी कमी होने के बावजूद यह अन्य राज्यों के लिए अन्न का उत्पादन कर रहा है ताकि देश को खाद्यान्न संकट का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने ट्रिब्यूनल को बताया कि जिस तरह रावी और ब्यास नदियां पंजाब के पुराने क्षेत्र से होकर गुजरती थीं, उसी तरह यमुना नदी भी पुनर्गठन से पहले पंजाब के क्षेत्र में से निकलती थी। लेकिन जल बंटवारे के समय पंजाब और हरियाणा के बीच यमुना के जल पर विचार नहीं किया गया, जबकि रावी और ब्यास के जल को ध्यान में रखा गया। उन्होंने कहा कि पंजाब ने कई बार यमुना के जल बंटवारे में हिस्सेदारी की मांग की है, लेकिन यह तर्क देकर इस पर विचार नहीं किया गया कि पंजाब का कोई भौगोलिक क्षेत्र यमुना बेसिन में नहीं आता।मान ने कहा कि हरियाणा रावी और ब्यास नदियों का बेसिन राज्य नहीं है, फिर भी पंजाब को इन नदियों का पानी हरियाणा के साथ साझा करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा को पंजाब के उत्तराधिकारी राज्य के रूप में रावी-ब्यास का पानी मिलता है, तो समानता के आधार पर यमुना का पानी भी पंजाब के उत्तराधिकारी राज्य के रूप में साझा किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नहरी पानी को सिंचाई के लिए इस्तेमाल करने के प्रयास कर रही है।

## बॉयफ्रेंड को गमछे से बांध नाबालिग से गैंगरेप कर रहे थे 4 आरोपी, तभी पहुंची पुलिस, चारों गिरफ्तार

भागलपुर (आरएनएस)। भागलपुर में चार दरिंदों ने प्रेमी के सामने ही उसकी नाबालिग प्रेमिका के साथ गैंगरेप किया। वारदात के दौरान दरिंदों ने प्रेमी के साथ मारपीट करने के बाद उसे गमछे से बांध दिया था। किसी तरह प्रेमी ने गमछा खोल लिया और पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक बदमाश को तो लड़की के साथ रेप करते हुए अरेस्ट कर लिया। वहीं, तीन बदमाश पुलिस को देखकर फरार हो गए। इन बदमाशों को भी पुलिस ने महज तीन घंटे के अंदर अरेस्ट कर लिया। यह वारदात मंगलवार की देर शाम भागलपुर जिला के कहलगांव थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास हुई।

कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद के मुताबिक पीड़िता की उम्र 17 साल है और वह इंटर की पढ़ाई कर रही है। वह यहां कहलगांव में ही किराए का घर लेकर अपनी सहेली के साथ रहती है। वहीं, उसका प्रेमी दरभंगा का रहने वाला है। कुछ समय पहले दोनों की बातचीत इंस्टाग्राम के जरिए हुई और फिर दोनों में प्यार हो गया। घटना के दिन छात्रा का प्रेमी भागलपुर आया था और वहीं उसने मिलने के लिए छात्रा को भी बुलाया था।

**झाड़ियों में दिया वारदात को अंजाम**

भागलपुर में मिलने के बाद दिन भर दोनों साथ घूमते रहे और शाम होने पर छात्रा को छोड़ने के लिए उसका प्रेमी ट्रेन से कहलगांव रेलवे स्टेशन तक आया। यहां ट्रेन से उतर कर दोनों प्लेटफार्म नंबर दो पर टहल रहे थे।

## रामनवमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी : चंपत

अयोध्या (आरएनएस)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक के दौरान आगामी रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से यहां की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। खासकर पानी की आपूर्ति को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसके लिए जन्मभूमि पथ पर पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट और इंजीनियरों संग इसका मुआयना भी किया गया है। चंपत राय ने पत्रकारों से बताया कि रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लगभग एक सप्ताह तक रोकने का निर्णय लिया गया है। 6 अप्रैल को रामनवमी है और 3 अप्रैल से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि शुरू हो जाएगी। यह माना जा रहा है कि 7 अप्रैल तक अयोध्या में भीड़ कम हो जाएगी, जिससे निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जा सकेगा।उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष गर्मियों में जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक श्रद्धालुओं के पैरों में जलन की समस्या आई थी। इसे ध्यान में रखते हुए स्थायी जर्मन हैंगर लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। इस काम को पुणे की एक कंपनी और राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा था। लेकिन, भीड़ के कारण यह काम रुक गया था। अब इस कार्य को पूरा करने के लिए नई तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर को रोजाना 2 घंटे लाइटों से जगमग करने की योजना बनाई जा रही है, जैसे राष्ट्रपति भवन शाम को रोशन होता है। मंदिर को ठंड में शाम 6 बजे से 10 बजे तक और गर्मियों में 7 बजे से 10 बजे तक रोशन किया जाएगा। इस योजना पर भी मंथन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार अयोध्या में जो श्रद्धालु आ रहे हैं, वह पहले के मुकाबले ज्यादा हैं। रोज करीब 4 से 5 लाख लोग राम जन्मभूमि के दर्शन करने आ रहे हैं, और अनुमान है कि कुल संख्या 7 लाख तक पहुंच सकती है। इससे यातायात में बहुत दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि हजारों बसें आ रही हैं और सड़कें भी भीड़ से भरी हैं। ऐसे में पुलिस को पूरी निगरानी करनी पड़ रही है, ताकि दुर्घटनाएं न हों। इस बार ट्रस्ट ने यात्रियों के लिए व्यवस्था की है कि उन्हें करीब 12 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ेगा। पूरे कस्बे को वन-वे बना दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को अपने रोज के काम के लिए परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि हालांकि, फरवरी में श्रद्धालुओं की संख्या कुछ कम हो सकती है, लेकिन अप्रैल में राम नवमी के दौरान फिर से भारी भीड़ उमड़ सकती है। इस पर भी विचार किया गया कि उस समय पानी की आपूर्ति कैसे होगी, क्योंकि गर्मी के महीनों में पानी की भारी जरूरत पड़ेगी। इस पर काफी चर्चा की गई और इसका समाधान निकालने के लिए विशेषज्ञों ने सर्वे भी किया।

# शिमरी साड़ी पहन नोरा फतेही ने इंटरनेट पर गिराई हुस्न की बिजलियां, कैमरे के सामने एक्ट्रेस ने दिए स्टनिंग पोज



अपने डांस मूव्स और बोल्ड फिगर को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही लोगों के बी काफी पॉपुलर हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वो कहर बरपाती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस नोरा फतेही अपनी डांसिंग स्किल्स से फैंस को अक्सर दीवाना बना देती हैं। उनका किलर लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ट्रेडिशनल आउटफिट में कुछ बेहद खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं नोरा फतेही ने बेहद ही खूबसूरत शिमरी लुक में साड़ी पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक से इंटरनेट पर बवाल काट रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर कॉमेंट्स और लाइक्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

नोरा फतेही की इन फोटोज को इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 3 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने तस्वीरों पर लाइक कर दिया है। वहीं, एक हजार से भी ज्यादा लोगों ने कॉमेंट किया है। खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं। उनका हर एक अंदाज सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

नोरा फतेही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 47 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके फैशन स्टेटमेंट्स को देखकर अक्सर दीवाने हो जाते हैं।

# शालिनी पांडे बोलीं- शबाना आजमी स्टारर वेब सीरीज डब्बा कार्टेल का हिस्सा होना खास

अभिनेत्री शबाना आजमी और ज्योतिका स्टारर वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। क्राइम-थ्रिलर सीरीज में अभिनेत्री शालिनी पांडे इमोशंस के साथ अपनी भूमिका में मनोरंजन को एक अलग मोड़ देती नजर आएंगी। शालिनी ने कहा कि वह इस सीरीज का हिस्सा बनकर खुश हैं।

शालिनी ने कहा, मैं राजी का किरदार निभा रही हूं। वह एक प्यारी, सरल और घरेलू लड़की है, लेकिन फिर वह उथल-पुथल से गुजरती है। इस किरदार को निभाने के लिए मैंने उसकी गहराई की खोज की और यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव था। साधारण राजी पूरी तरह से बदल जाती है। यह शालिनी के लिए एक खोज थी और मेरे लिए राजी की भूमिका निभाना बहुत दिलचस्प था।

अभिनेत्री ने शबाना आजमी और ज्योतिका जैसे सितारों के साथ अपने काम करने के अनुभव को भी शेयर किया। अभिनेत्री ने कहा, मेरे माता-पिता शबाना आजमी को पसंद करते हैं। मैंने उनके बारे में उनसे सुना है। मैंने उनकी कई फिल्म देखी है और मैं शबाना जी की फैन हूं। इस तरह के कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात



है। इसकी शूटिंग करते हुए हमें बहुत मजा आया। हमारे पास एक साथ सीन नहीं हैं, मैं उनके काम की प्रशंसा करती हूं, ज्योतिका और अन्य सभी के साथ काम करना काफी मजेदार रहा।डब्बा कार्टेल का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसमें शबाना आजमी, ज्योतिका और अन्य पांच मध्यमवर्गीय महिलाओं की यात्रा की एक मनोरंजक झलक पेश की गई, जिनका मासूम सा दिखने वाला डब्बा व्यवसाय ड्रग कार्टेल की खतरनाक दुनिया में पहुंच जाता है।

मंगलवार को निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर जारी किया, जिसमें उन्होंने लिखा, वे खाना बना रही हैं और यह बेहद बढ़िया है। 28 फरवरी को सिर्फ नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाले डब्बा कार्टेल को देखें।

दिलचस्प ट्रेलर में पांच आम महिलाओं के जीवन की एक रोमांचक झलक दिखाई गई है, जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, महिलाएं और उनके पति एक अंडरवर्ल्ड में उलझ जाते हैं। हितेश भाटिया के निर्देशन में तैयार सीरीज की स्टोरी को विष्णु मेनन और भावना खेर ने लिखा है। सीरीज का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत शिबानी अख्तर, विष्णु मेनन, गौरव कपूर और आकांक्षा सेडा ने किया है।

## छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 5: 150 करोड़ी क्लब में शामिल छत्रपति संभाजी महाराज की फिल्म, 200 करोड़ से बस चंद कदम दूर

छावा 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में उतरी. मराठा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म को लोगों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. बड़े हो या बच्चे, इस पीरियड ड्रामा को देखने के बाद दर्शक अपने आंसू नहीं रोक पा रहे हैं. विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर ने सिनेमा प्रेमियों को खूब प्रभावित किया है, खासकर महाराष्ट्र में. बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही इस फिल्म ने 5 दिनों में 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है.छावा ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार करते हुए धमाकेदार ओपनिंग की. हालांकि वीकेंड के बाद पहले सोमवार को भारतीय फिल्मों की कमाई में गिरावट आना आम बात है. विक्की कौशल की फिल्म को भी इसका सामना करना पड़ा. छावा ने पहले सोमवार को लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24.1 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 145.53 करोड़ रुपये हो गए हैं.

बात करें पहले मंगलवार की, तो 5वें दिन छावा ने 150 करोड़ का आंकड़ा आसानी से पार कर लिया है. मंगलवार को लक्ष्मण उटेकर की फिल्म ने 6.50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 25.75 करोड़ रुपये कमाए है. 5 दिनों के बाद छावा का भारत में कुल 171.28 करोड़ रुपये हो गए हैं.

## एक बदनाम आश्रम का टीजर जारी, बाबा निराला बनकर लौट रहे बॉबी देओल

हिट वेब सीरीज आश्रम ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस सीरीज ने बॉबी देओल को नई पहचान दिलाई। उन्होंने तीन सीजन के जरिए फैंस का मनोरंजन किया,



जिसके बाद फैंस इसके अगले भाग का इंतजार कर रहे थे। हाल ही में निर्माताओं ने आश्रम 3 के दूसरे भाग का एलान किया था। वहीं, अब निर्माताओं ने इस सीजन के तीसरे सीजन के दूसरे भाग का दमदार टीजर जारी कर दिया है।

आश्रम 3 पार्ट 2 के टीजर में एक बार फिर बॉबी देओल का बाबा निराला वाला अंदाज देखने को मिल रहा है, जो बेहद चालाकी भरा है। हालांकि, टीजर को देखकर कहा जा सकता है कि पार्ट 2 में पम्मी का अहम रोल देखने को मिलेगा। बाबा निराला की सत्ता में वापसी, निष्ठावान अनुयायियों का अटूट विश्वास और अंदरूनी साजिशों की गूंज एक बदनाम आश्रम सीजन 3 पार्ट 2 का टीजर हैरान कर देने वाला है। इस बार कहानी और भी ज्यादा सस्पेंस और रोमांच से भरी होगी।

टीजर में देखने को मिला कि पम्मी एक बार फिर दमदार अंदाज में लौट आई हैं। इसके साथ ही बाबा निराला की भी खोई हुई ताकत वापस आ गई हैं और वे पहले से भी ज्यादा खतरनाक हो चुके हैं। साथ ही उनके अंधभक्त भी उनके एक इशारे पर कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके करीबियों के बीच तनातनी भी साफ नजर आ रही है। पुराने राज अब बाहर आने वाले हैं और पुराने गद्दार फिर से बाहर आने की तैयारी में हैं।

# वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक



वरुण धवन की 'बेबी जॉन' को लेकर काफी बज था. हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इस फिल्म को दर्शकों से खास रिस्पॉन्स नहीं मिला. वहीं अब ये फिल्म ओटीटीट पर रिलीज हुई है चलिए यहां जानते हैं 'बेबी जॉन' को ओटीटी पर कब और कहां देख सकते हैं ?वरुण धवन के फैंस के लिए गुड न्यूज है. दरअसल एक्टर की हाल ही में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'बेबी जॉन' को अब घर बैठे देखा जा सकता है. दरअसल फिल्म को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है. इससे पहले प्राइम वीडियो ने बेबी जॉन को 249 रुपये के रेंट पर दर्शकों के लिए उपलब्ध कराया था, लेकिन अब यह फिल्म सभी सब्सक्राइबर्स के लिए प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है.वरुण धवन ने अपने को-एक्टर कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक मजेदार अनाउंसमेंट वीडियो शेयर की है, जिसमें उन्होंने अपने फैंस को इनफॉर्म किया है कि बेबी जॉन को आज से अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जा सकता है.बता दें कि पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन खराब रहा था. 100 करोड़ रुपये के बजट पर बनी बेबी जॉन ने केवल 65 करोड़ रुपये कमाए, और अपना बजट वसूलने में असफल रही थी.

## बॉर्डर 2 से सेट से वरुण धवन-सनी देओल की नई झलक आई सामने, शूटिंग शुरु

सनी देओल एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर गदर मचाने के लिए तैयार हैं. साल 2023 में गदर 2 से सनी देओल ने बॉक्स ऑफिस हिला डाला था. अब सनी देओल अपनी 27 साल पुरानी फिल्म बॉर्डर के सीक्वल से फिर से धमाल मचाने आ रहे हैं. सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर की शूटिंग शुरू कर दी है. बॉर्डर 2 अगले साल रिलीज होने के लिए तैयार है. वहीं, फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है. सनी देओल ने झांसी में हुई फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग से तस्वीरें शेयर की हैं. सनी देओल के साथ-साथ वरुण धवन भी शूटिंग सेट पर नजर आ रहे हैं.सनी देओल ने शूटिंग सेट से तस्वीर शेयर की है, उसमें सनी और वरुण टैंक पर बैठे दिख रहे हैं. वहीं, फिल्म बॉर्डर (1997) के डायरेक्टर जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता और फिल्म प्रोड्यूसर भूषण कुमार भी इस तस्वीर में शामिल हैं. बॉर्डर 2 के शूट लोकेशन से तस्वीर शेयर कर सनी देओल ने इसके कैप्शन में लिखा है, एक्शन, विरासत, देशभक्ति, झांसी के कंटोनमेंट में बॉर्डर 2 की शूटिंग पर सनी देओल, वरुण धवन, प्रोड्यूसर भूषण कुमार, निधि दत्ता, को-प्रोड्यूसर शिव चनाना, बिनोय गांधी और डायरेक्टर अनुराग सिंह, शौर्य और त्याग से लबरेज फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी.

## एक खून और 8 जवान लड़कियां सस्पेक्ट! प्राइम वीडियो की क्राइम थ्रिलर सुडल 2 का ट्रेलर रिलीज




सुजल सुनने में ये नाम थोड़ा अजीब लगता है मगर जब आप इस सीरीज के अंदर जाते हैं तो आपको एक ऐसी दुनिया का आभास होता है जो काफी डरावनी है। सुजल एक तमिल भाषा का शब्द है जिसका मतलब है भंवर जिसे अंग्रेजी में वर्टेक्स कहते हैं। अपने नाम को जस्टिफाई करता ये शो अब एक मर्डर की उलझी पहेली को लेकर आने वाला है।

सीरीज के दूसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है जिसके साथ इसके स्टीम होने की तारीख का भी पता चल गया है। इस ट्रेलर ने ऑडियंस को फिर से सस्पेंस और मिस्ट्री के तूफान के बीच पहुंचा दिया है जिसको लेकर लोग काफी एक्साइटेड हो गए हैं।

सेकेंड सीजन के ट्रेलर की बात करें तो ये एक मर्डर कहानी दिखाने वाली है जिसकी जांच में एक नहीं बल्कि कुल 8 लड़कियों के नाम सामने आए हैं। काथिर को इस केस को सोल्व करने की जिम्मेदारी दी गई है। वो केस को सुलझाते हुए नए जाल में फंसता चला जाता है वहीं ऐश्वर्या राजेश द्वारा निभाए नंदिनी के किरदार को जेल में अपने अतीत और अनिश्चित भविष्य के साथ समझौता करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। फैंस ट्रेलर को देखकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं। शो फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है।

# अपनी कलाई को मजबूत बनाने के लिए करें ये एक्सरसाइज



रोजमर्रा के कामों को बिना किसी परेशानी के पूरा करने के लिए कलाई की मजबूती बहुत अहम होती है। चाहे वह कंप्यूटर पर काम करना हो या खेल-कूद, मजबूत कलाई से हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

इस लेख में हम 2 ऐसी एक्सरसाइज के बारे में जानेंगे, जो आपकी कलाई को मजबूत बनाने में आपकी मदद करेंगे। ये एक्सरसाइज न केवल आपकी कलाई की ताकत बढ़ाएंगी, बल्कि चोट से बचाने में भी सहायता करेंगी।

### हाथों को घुमाएं

हाथों को घुमाना एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जो कलाई की मांसपेशियों को सक्रिय करती है। इसे करने के लिए, अपने हाथ को सीधा रखें और धीरे-धीरे अपनी कलाई को गोलाकार दिशा में घुमाएं।

इसे क्लॉकवाइज और फिर एंटी-क्लॉकवाइज दिशा में 10-15 बार दोहराएं। यह एक्सरसाइज रक्त संचार को बढ़ाती है, जिससे मांसपेशियों का लचीलापन और कलाई की ताकत भी बढ़ती है।

नियमित रूप से इसे करने से आप अपनी कलाई की मजबूती में सुधार देख सकते हैं।

### जानिए इस एक्सरसाइज के फायदे

इस एक्सरसाइज के जरिए कलाई की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और लचीलापन बढ़ता है, जिससे रोजमर्रा के कामों में आसानी होती है।

यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करते हैं या जिनकी दिनचर्या में भारी सामान उठाना शामिल होता है।

नियमित अभ्यास से दर्द और थकान से राहत मिलती है, जिससे कार्यक्षमता भी बढ़ती है और चोट लगने का खतरा कम होता है।

### पुश-अप्स करें

पुश-अप्स एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जिससे आप अपनी पूरी बांहों के साथ-साथ कलाइयों को भी मजबूत बना सकते हैं। इसे करने के लिए, जमीन पर पेट के बल लेटें।

अब अपने हाथों और पैरों पर संतुलन बनाते हुए शरीर को ऊपर उठाएं। ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हो।

धीरे-धीरे शरीर को नीचे लाएं और फिर से ऊपर उठाएं। यह एक्सरसाइज आपकी कलाइयों की ताकत बढ़ाने में मदद कर सकती है।

### पुश-अप्स करने के फायदे

पुश-अप्स आपके पूरे शरीर की ताकत बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसे करने से कलाइयों पर जोर पड़ता है, जिससे उनकी मजबूती में सुधार होता है।

नियमित रूप से पुश-अप्स करने से न केवल कलाइयों की ताकत बढ़ती है, बल्कि सहनशक्ति भी बेहतर हो जाती है।यह एक्सरसाइज आपके कंधों और छाती की मांसपेशियों को भी मजबूत बना सकती है, जिससे आप रोजमर्रा के कामों में अधिक दक्षता महसूस कर सकते हैं।

# नारियल तेल के जरिए दूर हो सकते हैं त्वचा के दाग-धब्बे, जानिए इस्तेमाल करने के तरीके

नारियल तेल का उपयोग कई स्वास्थ्य और सौंदर्य समस्याओं को ठीक करने के लिए किया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से त्वचा की देखभाल में मदद करता है और दाग-धब्बों को कम करने की क्षमता रखता है।

इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे नारियल तेल का सही तरीके से उपयोग करके आप अपनी त्वचा को साफ और स्वस्थ बना सकते हैं।

ये सुझाव पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए उपयुक्त हैं और त्वचा में चमक ला सकते हैं।

### नारियल तेल से करें मालिश

नारियल तेल से मालिश करने से त्वचा को नमी मिल सकती है और दाग-धब्बों को हल्का किया जा सकता है। इसके लिए थोड़ी मात्रा में नारियल तेल लें और उसे हल्के हाथों से प्रभावित जगह पर लगाएं।

धीरे-धीरे गोलाकार गति में मालिश करें, ताकि तेल अच्छी तरह से त्वचा में समा जाए। यह प्रक्रिया रोजाना रात को सोने से पहले करें, ताकि आपकी त्वचा रातभर इसे अवशोषित कर सके।

इससे न केवल दाग हल्के होंगे, बल्कि त्वचा मुलायम बनेगी।

### स्क्रब बनाकर करें उपयोग

नारियल तेल के साथ चीनी मिलाकर एक प्राकृतिक स्क्रब तैयार किया जा सकता है, जो मृत कोशिकाओं को



हटाने में सहायक होता है।

इसके लिए एक चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच चीनी मिलाएं और इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाकर हल्के हाथों से रगड़ें।

इस प्रक्रिया को हफ्ते में 2 बार दोहराएं, ताकि नई कोशिकाओं का निर्माण हो सके और दाग-धब्बे धीरे-धीरे कम हो सकें। यह स्क्रब आपकी त्वचा की चमक बढ़ाने के साथ-साथ उसे साफ-सुथरा भी बनाएगा।

### एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं

एलोवेरा जेल और नारियल तेल का मिश्रण भी दाग-धब्बों को मिटा सकता है। दोनों ही तत्व एंटीऑक्सीडेंट से लैस होते हैं, जो त्वचा की मरम्मत करते हैं और उसे स्वस्थ बनाते हैं।

इसके लिए बराबर मात्रा में एलोवेरा जेल और नारियल तेल को मिलाकर प्रभावित जगह पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें। अब गुनगुने पानी से चेरा साफ करें।

इस उपाय को हफ्ते में 3 बार अपनाने से आपको बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

### नींबू के रस के साथ करें प्रयोग

नींबू के रस में विटामिन-सी होता है, जो दाग-धब्बों को हल्का करता है। वहीं, नारियल तेल नमी प्रदान करता है, जिससे जलन नहीं होती।

एक कटोरी में एक चम्मच नींबू का रस और नारियल तेल मिलाएं और प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। 15 मिनट तक सुखाने के बाद चेहरे को धो लें।

इस उपाय को धूप में जाने से पहले न करें, क्योंकि इससे जलन हो सकती है। इसे सप्ताह में 2 बार आजमाएं, ताकि जल्द लाभ मिल सके।

# ट्रंप की जेलेंस्की को चेतावनी, युद्ध उनके बिना भी सुलझ सकता है



न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। ट्रंप ने जेलेंस्की को धमकाते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध उनके बिना भी खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जेलेंस्की को जल्द से जल्द समझदारी से आगे बढ़ना चाहिए, नहीं तो उनके पास कोई देश नहीं बचेगा।

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत चल रही है और यह केवल उनका प्रशासन ही कर सकता है। यह बयान उस समय आया जब जेलेंस्की ने शिकायत की कि सऊदी अरब के रियाद में हुई अमेरिकी और रूसी राजनयिकों की बैठक में यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनके देश को बाहर रखकर कोई शांति समझौता किया गया तो वे उसे स्वीकार नहीं करेंगे।

ट्रंप की इस टिप्पणी के बाद जेलेंस्की ने उन पर हमला करते हुए कहा कि ट्रंप गलत सूचनाओं के जाल में जी रहे हैं। ट्रंप ने तुरंत पलटवार करते हुए जेलेंस्की को बिना चुनावों के तानाशाह कह दिया। उनका इशारा यूक्रेन में राष्ट्रपति चुनाव न कराए जाने की ओर था, जिसे युद्ध के कारण स्थगित कर दिया गया था। इससे पहले भी ट्रंप विवादित बयान दे चुके हैं। उन्होंने यूक्रेन पर ही युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया, जबकि असल में रूस ने 2022 में उस पर हमला किया था।

ट्रंप का मानना है कि अमेरिका यूक्रेन का मुख्य समर्थक है, इसलिए वह जेलेंस्की को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शांति समझौते के लिए मजबूर कर सकते हैं। इसी बीच, रूस और अमेरिका के राजनयिकों की बैठक चार घंटे तक चली, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शामिल थे। दोनों देशों ने बातचीत को सकारात्मक बताया और अपने दूतावासों को पूरी तरह से काम करने देने पर सहमति जताई।

ट्रंप ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को यूरोप की तुलना में कहीं ज्यादा आर्थिक बोझ उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ज़ेलेंस्की ने अमेरिका से 350 बिलियन डॉलर लेने में सफलता हासिल की, जबकि यह एक ऐसा युद्ध था जिसे कभी शुरू ही नहीं करना चाहिए था। ट्रंप का कहना है कि यूरोप को भी उतना ही सहयोग देना चाहिए जितना अमेरिका दे रहा है, क्योंकि यूक्रेन अमेरिका से दूर है जबकि यूरोपीय देशों का पड़ोसी है।

## गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए इजरायली टीम जाएगी काहिरा : नेतन्याहू

यरूशलम (आरएनएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा के लिए एक वार्ता दल सोमवार को मिस्र की राजधानी काहिरा जाएगा।



प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नेतन्याहू ने अमेरिका के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ के साथ फोन पर बात की, जिसके बाद उन्होंने एक इजरायली वार्ता दल को सोमवार को काहिरा के लिए रवाना होने का निर्देश दिया।

बता दें मिस्र, कतर, संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में यह समझौता हुआ है।

बयान में कहा गया कि टीम सबसे पहले समझौते के पहले चरण को जारी रखने पर चर्चा करेगी। इसके मुताबिक सोमवार को होने वाली इजरायली सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के बाद उन्हें दूसरे चरण के संबंध में वार्ता जारी रखने के निर्देश प्राप्त होंगे।इस बीच, रविवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में विटकॉफ ने कहा कि दूसरे चरण के बारे में बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है और इस सप्ताह भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा, लोकेशन तय की जानी है ताकि यह पता लगा सकें कि हम दूसरे चरण को सफलतापूर्वक कैसे पूरा कर सकते हैं। इससे पहले गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत शनिवार (15 फरवरी) को बंधकों और कैदियों की छठी अदला-बदली के तहत हमास ने तीन इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया। इन तीन के बदले में यहूदी राष्ट्र 369 फिलिस्तीनी कैदियों आजाद किया।

19 जनवरी से प्रभावी और छह सप्ताह तक चलने वाले युद्ध विराम समझौते के पहले चरण के तहत, लगभग 2,000 फिलिस्तीनियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद है।

## यूएसएआईडी फंडिंग को लेकर ट्रंप ने उठाए सवाल, बोले- 'क्या बाइडन नहीं चाहते थे भारत में बने मोदी सरकार

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में वोटिंग बढ़ाने के लिए सहायता राशि देने पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने कहा कि तत्कालीन बाइडन सरकार गलत कदम उठा रही थी और उसकी मंशा भी कुछ और लग रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि बाइडन द्वारा भारत को वोटिंग बढ़ाने के लिए 182 करोड़ के लगभग (21 मिलियन डॉलर) देना एक सवाल खड़ा करता है कि क्या वो किसी और को निर्वाचित कराने की कोशिश कर रहे थे।

ट्रंप ने कहा, हमें भारत में वोटिंग बढ़ाने पर 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे किसी और को निर्वाचित कराने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारत सरकार को बताना होगाज् यह पूरी तरह से एक बड़ी सफलता है। ट्रंप की यह टिप्पणी अरबपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (DOGE) द्वारा यह खुलासा किए जाने के कुछ दिनों बाद आई है कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में वोटिंग को बढ़ावा देने के लिए 21 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है।

बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद 'कार्य दक्षता' एजेंसी DOGE बनाई थी। DOGE ने 16 फरवरी को उन चीजों की सूची बनाई जिन पर अमेरिकी करदाताओं के पैसे खर्च होते थे और सूची में भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर देना शामिल था। DOGE ने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 29 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त राशि निर्धारित की गई थी। बांग्लादेश में हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने में अमेरिकी 'डीप स्टेट' की संलिप्तता के आरोपों के बीच राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई थी।

DOGE द्वारा SAID को लेकर घोषणा के बाद भाजपा ने 21 मिलियन डॉलर के अनुदान को लेकर विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि यह निश्चित रूप से भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप है। पार्टी नेता अमित मालवीय ने कहा कि ये विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय संस्थानों में व्यवस्थित घुसपैठ है। मालवीय ने दावा किया कि एक बार फिर, यह जॉर्ज सोरोस हैं, जो कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के जाने-माने सहयोगी हैं, जिसका हाथ इसमें हो सकता है।

## यूक्रेन संकट के समाधान के लिए रियाद में रूस-अमेरिका वार्ता शुरू, कीव नहीं शामिल

रियाद (आरएनएस)। सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की युक्रेन युद्ध को लेकर बैठक शुरू हो गई है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रियाद में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन यूक्रेन या किसी भी यूरोपीय देश को वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया।अमेरिका के मुताबिक वार्ता यह जानने के लिए पहला कदम है कि क्या रूस युद्ध समाप्त करने के लिए गंभीर है, जबकि रूस का कहना है कि इसका लक्ष्य अमेरिका के साथ संबंधों को सामान्य बनाना है। वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह उन वार्ताओं पर आधारित किसी भी समझौते को मान्यता नहीं देंगे जिनमें वह शामिल नहीं है।अमेरिकी-रूस प्रतिनिधियों की यह बैठक यूरोपीय नेताओं के लिए भी एक झटका है जो कि यूक्रेन संकट के समाधान में एक बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं। यूरोपीय नेताओं ने सोमवार को पेरिस में एक आपातकालीन शिखर सम्मेलन आयोजित किया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर ने कहा कि वे स्थायी शांति समझौते की स्थिति में यूक्रेन में ब्रिटेन के सैनिकों को भेजने पर विचार करेंगे, लेकिन अन्य देश इसके लिए अनिच्छुक थे।

## अमेरिका ने किया मिनटमैन तृतीय परमाणु मिसाइल का परीक्षण, कहीं भी कर सकती है हमला



वॉशिंगटन(ए)। अमेरिका ने बिना हथियार वाली मिनटमैन तृतीय मिसाइल का परीक्षण किया है। यह सफल परीक्षण कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से हुआ। इस टेस्ट का मकसद अमेरिका के परमाणु हथियारों की सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रभावशीलता को दिखाना था। यह परीक्षण अमेरिका की नियमित गतिविधियों का हिस्सा है। इससे पहले भी अमेरिका में इस मिसाइल के कई सफल परीक्षण हो चुके हैं।

स्पेस लॉन्च डेल्टा 30 के डिप्टी कमांडर कर्नल डोरियन हैचर ने कहा कि यह परीक्षण अमेरिका की परमाणु नीति का एक हिस्सा है। अमेरिका का मानना है कि परमाणु हथियार युद्ध को रोकने में मदद करते हैं। इससे दूसरे देशों को पता है कि अगर वे अमेरिका पर हमला करेंगे तो उन्हें भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि यह परीक्षण हमारे दुश्मनों को संदेश देता है कि अमेरिका अपनी और सहयोगियों की रक्षा के लिए तैयार है।मिनटमैन तृतीय एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे पहले ही अमेरिकी सेना में शामिल किया जा चुका है। ये अमेरिका के सबसे ताकतवर परमाणु हथियारों में शुमार है। यह मिसाइल 10,000 किलोमीटर की दूरी तक मार कर सकती है और 24,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है।

## फिलीपींस-चीन तनाव : पीएलए नौसेना के हेलीकॉप्टर की खतरनाक उड़ान पर भड़का अमेरिका, बीजिंग पर साधा निशाना

मनीला (आरएनएस)। संयुक्त राज्य अमेरिका ने बुधवार को फिलीपींस के विमान के नजदीक से चीनी हेलीकॉप्टर के खतरनाक तरीक से गुजरने की आलोचना की। चीनी हेलीकॉप्टर ने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित तट पर गश्त कर रहे फिलीपींस के सरकारी विमान के करीब से उड़ान भरी थी।

फिलीपींस में अमेरिकी राजदूत मैरीके कार्लसन ने एक्स पर पोस्ट किया, हम पीएलए नौसेना के हेलीकॉप्टर की खतरनाक उड़ान की निंदा करते हैं, जिसने फिलीपींस के हवाई मिशन पर गए पायलटों और यात्रियों को खतरे में डाल दिया।

फिलीपींस तटरक्षक ने कहा, इस लापरवाह कार्रवाई ने पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा किया।

फिलीपीन तटरक्षक ने कहा कि सरकारी मत्स्य पालन विमान मंगलवार को स्कारबोरो शोल के ऊपर एक समुद्री डोमेन जागरूकता उड़ान भर रहा था।

## अमेरिका : एरिजोना में दो छोटे विमानों की हवा में टक्कर, दो लोगों की मौत

लॉस एंजिल्स (आरएनएस)। अमेरिका में विमान हादसा हुआ है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दक्षिणी एरिजोना में दो छोटे विमानों के बीच हवा में टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की शुरुआती जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह रनवे 12 पर हवा के विपरीत दिशा में सेसना 172एस और लैंकेयर 360 एमके2 के बीच टक्कर हो गई। दोनों ही फिक्स्ड-विंग, सिंगल-इंजन विमान हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हादसे की जांच का नेतृत्व कर रहे एनटीएसबी ने कहा कि शुरुआती जानकारी के आधार पर विमान रनवे 12 पर हवा के विपरीत दिशा में टकराया, जो हवाई अड्डे के दो रनवे में से एक है। मराना पुलिस विभाग के अनुसार, दोनों विमान छोटे, फिक्स्ड-विंग, एकल-इंजन वाले विमान थे। विमान हादसे की जांच की जा रही है। एनटीएसबी ने कहा कि सेसना विमान बिना किसी घटना के उतर गया जबकि लैंकेयर विमान रनवे 3 के पास भूभाग से टकराया और टक्कर के बाद उसमें आग लग गई। पीड़ितों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। यह घातक टक्कर वाशिंगटन डीसी में एक हेलीकॉप्टर के अमेरिकन एयरलाइंस के यात्री विमान से टकराने के कुछ ही सप्ताह बाद हुई है।

# खेल समाचार

## चैंपियंस ट्रॉफी से रूल्ड आउट हुआ फखर जमान, रिपोर्ट में दावा

नईदिल्ली(आरएनएस)। 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच खेला जाने वाला है. लेकिन, इससे पहले मेजबान पाक टीम के लिए एक बुरी खबर आ रही है. ताजा रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि टीम के स्टार क्रिकेटर फखर जमान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं. हालांकि, अभी तक आईसीसी या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

चैंपियंस ट्रॉफी में पहले ही मैच में मिली हार के बाद पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है. सोशल मीडिया पर सामने आ रहीं रिपोर्ट्स की मानें, तो फखर जमान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं. मगर, आपको बता दें, फिलहाल इस खबर की किसी ने भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. बताया जा रहा है कि फखर के रिप्लेसमेंट के तौर पर पाकिस्तान टीम में इमाम उल हक की एंट्री हो सकती है, जिन्होंने आखिरी बार 2023 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान के लिए वनडे मैच खेला था.

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया, जिसमें जहां फील्डिंग के दौरान मैच की दूसरी ही गेंद पर उन्हें चोट लग गई थी और वह मैदान से बाहर चले गए थे. हालांकि, फिर वह मैदान पर लौटे, लेकिन वह असहज दिखे.

जब पाकिस्तान की बैटिंग आई, तो वो ओपनिंग करने तो नहीं आए, लेकिन चौथे नंबर पर आए, जहां उन्होंने 41 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 24 रन की पारी खेली. मगर, अपनी बल्लेबाजी के दौरान कई बार शॉट् खेलते हुए दर्द से कराहते दिखे, जिससे ये साफ था कि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं.

टीम के लिए बड़ा झटका होगा. आपको बता दें, 2017 के चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में जब भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने आई थीं, तब इस बल्लेबाज ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया था.

उनके शतक के कारण ही पाकिस्तान की टीम 338 रनों का विशाल स्कोर बना सकी थी. फाइनल जैसे प्रेशर गेम में भारतीय टीम इस लक्ष्य को चेज नहीं कर पाई थी और 158 पर ही सिमट गई थी और चैंपियंस ट्रॉफी गंवा बैठी थी.

## भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ मैचों में निरंतरता बनाए रखना चाहती हैः हरमनप्रीत

भुवनेश्वर, (आरएनएस)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अपने अगले मैचों में आयरलैंड से भिड़ने के लिए तैयारियों में निरंतरता बनाए रखने का लक्ष्य रखेगी, कप्तान हरमनप्रीत ने जोर देकर कहा कि हर मैच महत्वपूर्ण है, और टीम पिछली जीत की लय को जारी रखना चाहेगी।

अपने अभियान की मिली-जुली शुरुआत के बाद, भारत आगामी मैचों में ठोस प्रदर्शन के साथ गति बनाने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहा है। मेजबान टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत स्पेन के खिलाफ 3-1 से हार के साथ की, लेकिन दूसरे गेम में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-0 की शानदार जीत के साथ जल्दी ही वापसी की।

हालांकि, जीत की उनकी तलाश तब थम गई जब उन्हें अपने तीसरे मैच में जर्मनी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। चौथे मैच में भारत ने वापसी की और कप्तान हरमनप्रीत और उप कप्तान हार्दिक सिंह की वापसी की बदौलत जर्मनी पर 1-0 से जीत हासिल की। दोनों ही चोट के कारण जर्मनी के खिलाफ पहले चरण में नहीं खेल पाए थे। चार मैचों में छह अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज भारत की कोशिश पेनल्टी कॉर्नर कन्वर्जन की समस्या को दूर करने की होगी, जो टूर्नामेंट में लगातार चुनौती रही है। अपने चार मैचों में 14 पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के बावजूद भारतीय टीम इनमें से किसी भी मौके को गोल में नहीं बदल पाई है।



आयरलैंड के खिलाफ मैचों से पहले बोलते हुए भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, ये आगामी मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि हम एफआईएच प्रो लीग में निरंतरता बनाए रखना चाहते हैं और गति बनाए रखना चाहते हैं। हर मैच में सुधार करने और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने का मौका होता है और हम जानते हैं कि आयरलैंड कड़ी चुनौती पेश करेगा। भले ही वे स्टैंडिंग में निचले स्थान पर हैं, लेकिन वे कड़ी टक्कर देने वाली टीम हैं और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को चौंका सकती हैं, इसलिए हम उन्हें हल्के में नहीं ले सकते।हमारा मुख्य ध्यान अपने पेनल्टी कॉर्नर रूपांतरणों को बेहतर बनाने पर होगा, जो एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम संघर्ष कर रहे हैं। हम अवसर बना रहे हैं, लेकिन हमें उन्हें निष्पादित करने में अधिक नैदानिक होने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, टीम इन मुद्दों को हल करने के लिए प्रशिक्षण में कड़ी मेहनत कर रही है और हमें विश्वास है कि हम अगले मैचों में प्रगति दिखाएंगे। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं और हमें उम्मीद है कि हम अपनी पिछली जीत की लय को आगे बढ़ाएंगे और लीग में आगे बढ़ते हुए सुधार करते रहेंगे।दूसरी ओर, आयरलैंड ने अब तक टूर्नामेंट में संघर्ष किया है और वर्तमान में चार मैचों में से केवल एक अंक के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है। उन्होंने तीन मैच नियमित समय में और एक शूटआउट में गंवाए हैं, जिससे वे फॉर्म में बदलाव के लिए उत्सुक हैं। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने इस मैचअप में बढ़त हासिल की है, जिसने 2013 से दोनों टीमों के बीच नौ मुकाबलों में से सात जीते हैं। आयरलैंड ने केवल एक जीत हासिल की है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। भारत 21 और 22 फरवरी को आयरलैंड का सामना करेगा। भारत का ध्यान निरंतरता बनाए रखने और आयरलैंड की अपनी पहली जीत की तलाश में है, इसलिए आने वाले मैच दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होने का वादा करते हैं।

## अपने रनों के लिए नहीं खेलना चाहिए, बाबर आजम की स्लो बैटिंग पर बोले चेतेश्वर पुजारा

नईदिल्ली,(आरएनएस) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के हाथों एक करारी हार का सामना करना पड़ा. कीवी टीम के खिलाफ खेले गए इस मैच में बाबर आजम ने 64 रन की पारी खेली, लेकिन उनकी ये पारी 90 गेंदों पर आई. इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. इसी बीच भारतीय दिग्गज चेतेश्वर पुजारा ने भी बाबर की बैटिंग पर प्रतिक्रिया दी है.

भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने स्टार स्पोर्ट्स के शो में बाबर आजम की स्लो बैटिंग पर बात की. असल में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में बाबर ओपनिंग करने आए. उन्होंने 90 गेंदों का सामना किया, जिसमें 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से 64 रन बनाए. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 71.11 रनों का ही रहा.

चेतेश्वर पुजारा ने बाबर आजम को लेकर कहा, स्पिनर्स के खिलाफ बाबर आजम का फुटवर्क बिल्कुल अच्छा नहीं था. उसने कोई स्वीप शॉट या पैडल स्वीप खेलने की कोशिश नहीं की. आज कल रिवर्स स्वीप भी स्पिनर की लंबाई को बिगाड़ने का एक ऑप्शन है. उसे देखकर ऐसा लगता है कि उस पर मेंटल प्रेशर बन गया है.

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम की पारी के बाद पुजारा का कहना है कि बल्लेबाजों को टीम के लिए खेलना चाहिए, अपने पर्सनल रनों के लिए नहीं. पुजारा ने आगे कहा, वनडे क्रिकेट आपको खुलकर बल्लेबाजी करने की फीडम देता है. वह एक नेचुरल स्ट्रोक प्लेयर हैं. उसे और अधिक आजादी से बैटिंग करने की जरूरत है.

## एक समय लगा था अब शायद ही खेल पाऊंगा : शमी

### डॉक्टर से पूछता था मैदान में वापसी कब होगी



दुबई (ए)। एक साल से भी अधिक समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा है कि एक समय उन्हें लग रहा था कि अब वह शायद ही खेल पायें। शमी के टखने में 2023 एकदिवसीय विश्वकप में चोट लग गयी थी जिसके बाद उनी सर्जरी भी हुई ऐसे में वह एक साल से अधिक समय तक खेल से दूर थे। वहीं अब चैम्पियंस ट्रॉफी से उन्होंने वापसी की है। शमी ने कहा कि टखने की चोट के बाद ऐसे क्षण भी आए जब उन्हें आशंका थी कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त हो जाएगा पर देश की ओर से फिर से खेलने की इच्छा ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

शमी ने कहा, 'विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म के बाद मुझे अचानक ही अपने को ऑपरेशन टेबल पर देखना पड़ा। उस शानदार फॉर्म के बाद चोटिल होना वास्तव में बेहद मुश्किल दौर था। पहले दो महीनो में अक्सर मुझे लगता था कि क्या मैं फिर से खेल पाऊंगा या नहीं क्योंकि इस तरह की चोट और 14 महीने तक बाहर रहने से हौसले टूट जाते हैं।

शमी ने इस महीने की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ दो टी20 और इतने ही वनडे मैच में खेल कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी की। अब जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में वह भारतीय गेंदबाजी की कमान संभले हैं। शमी ने कहा, 'मेरा डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि मुझे वापस मैदान पर लौटने में कितना समय लगेगा। डॉक्टर ने मुझसे कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मुझे चलाना, फिर जॉगिंग कराना और उसके बाद दौड़ाना है। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में खेलना तो अभी दूर की बात है।

एक खिलाड़ी के लिए बैसाखी पर निर्भर होना मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा यही सोचता रहता था कि मैं कब अपने पांव जमीन पर रख पाऊंगा। मेरे मन में कई तरह के विचार आ रहे थे।

## चैंपियंस लीगः एमबापे की हैट्रिक ने रियल मैड्रिड को अंतिम-16 में पहुंचाया

मैड्रिड, (ए)। किलियन एमबापे की हैट्रिक की बदौलत रियल मैड्रिड ने गुरुवार (आईएसटी) को सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी पर 3-1 से जीत दर्ज करके यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में 3-2 से मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड ने 6-3 से जीत दर्ज की।सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिटी के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड घुटने की चोट से जूझ रहे थे और एक सप्ताह पहले दो गोल करने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी ने खेल की शुरुआत सब्सटीट्यूट बेंच पर की, क्योंकि उनकी टीम शुरू से अंत तक संघर्ष करती रही, डिफेंस में फिर से कमजोर दिखी, जबकि खेल खत्म होने तक अटैक में कुछ भी करने में विफल रही।रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी चोट के बाद एंटोनियो रुडिगर को वापस लाने में सफल रहे, जिससे उन्हें राऊल एसेनसियो को राइट-बैक पर खेलने और फेडेरिको वाल्वरडे को मिडफील्ड में लाने का मौका मिला। चौथे मिनट में, एसेनसियो ने एक लंबी गेंद भेजी, जिसे रूबेन डायस एमबापे के दबाव में संभालने में विफल रहे, और फ्रांस के फॉरवर्ड ने सिटी के गोलकीपर एडरसन के ऊपर से गेंद को उछाला, जो नो-मैन्स लैंड में फंस गए।

## गुजरात टाइटंस कप्तान शुभमन गिल को नहीं बल्कि राशिद खान को दे रही है सबसे ज्यादा सैलरी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आईपीएल 2025 ने नीलामी से एक मजबूत टीम तैयार की है, जो उन्हें अपकमिंग सीजन में दूसरा टाइटल जिताने की काबिलियत रखती है. गुजरात टाइटंस ने अपने कप्तान शुभमन गिल को रिटेन किया. लेकिन, क्या आपको पता है कि भारतीय क्रिकेट के स्टार और इस टीम के कप्तान गिल जीटी की ओर से सबसे अधिक सैलरी पाने वाले क्रिकेटर नहीं हैं बल्कि एक विदेशी खिलाड़ी को टीम सबसे ज्यादा सैलरी देती है।



अगर गुजरात टाइटंस के सबसे महंगे खिलाड़ी की बात करें, तो फ्रेंचाइजी ने अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर को 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया. जबकि कप्तान शुभमन गिल को उन्होंने 16.50 करोड़ रुपये दिए. इस तरह राशिद ही जीटी के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं. हालांकि, इस बात में कोई दोराय नहीं है कि राशिद ये सैलरी डिजर्व करते हैं, क्योंकि वह एक बड़े खिलाड़ी हैं और उन्होंने इस टीम के लिए कंसिस्टेंसी के साथ प्रदर्शन किया है।

अफगानिस्तान के स्टार राशिद खान को गुजरात ने अपने पहले सीजन यानी 2022 में ही साथ जोड़ा था और तभी से वह लगातार टीम का हिस्सा हैं. गुजरात के लिए अगर राशिद के प्रदर्शन की बात करें, तो उन्होंने अब तक कुल 45 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 23.92 के औसत से 56 विकेट निकाले हैं. इस दौरान उन्होंने 2 बार फोर विकेट हॉल लिया और उनकी इकोनॉमी 7.67 की रही है.वहीं, बल्ले से भी राशिद ने कमाल दिखाया है. वह गुजरात के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर्स की लिस्ट में 8वें नंबर पर हैं. उन्होंने 25 पारियों में 184.57 की स्ट्राइक रेट से 323 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 1 हाफ सेंचुरी आई है।

# श्रद्धालुओं के जयकारे बम बम भोले से गूंज रही है पचमढ़ी की वादियां

## चौरागढ़ के दुर्गम रास्तों पर भक्तों का सैलाब दर्शन के लिए उमड रहा है

नर्मदापुरम(निप्र)। सतपुड़ा की वादियों में बसा पचमढ़ी इन दिनों श्रद्धालुओं के जय कारो बम बम भोले से गूंज रहा है। चारों तरफ श्रद्धालु उत्साह से बम बम भोले का उद्घोष कर रहे हैं। अवसर है पचमढ़ी के चौरागढ़ में लगने वाला शिवरात्रि का मेला। दूर-दूर से आए भक्तजन अपने इष्ट भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लिए हर कष्ट को हंसते हंसने पार कर रहे हैं। चौरागढ़ का रास्ता दुर्गम होने के बावजूद यहां भक्तों का सैलाब भगवान महादेव के दर्शन करने के लिए उमड़ रहा है। दूर-दूर से, नागपुर, अमरावती छिंदवाड़ा, सौसर, नरसिंहपुर जबलपुर से शिव भक्तों का यह रेला निरंतर दर्शनों के लिए आ रहा है और अपने इष्ट के दर्शन कर अपने आप को धन्य समझ रहा है।पचमढ़ी में एवं चौरागढ़ में दूर-दूर से आए भक्त जनों को कोई असुविधा न हो और वह आसानी से अपने इष्ट देव के दर्शन कर सकें इसके लिए प्रशासन ने स्थान स्थान पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। मेला स्थल पर मेडिकल की टीम हर पॉइंट पर मौजूद है। यदि कोई मरीज बीमार हो रहा है तो तत्काल उसे उपचार सहायता



मिल रही है। सभी व्यवस्थाओं का अधिकारी गणों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। गुरुवार को पिपरिया एसडीएम श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने संपूर्ण मेला क्षेत्र एवं अस्थाई बस स्टैंड का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जगह-जगह ब्लीचिंग चूना पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है तथा महादेव, गुप्त महादेव, बीड़ क्षेत्र, सीता नहानी, नादिया जंक्शन एवं चौरागढ़ आदि स्थलों पर नगर पालिका के सफाई कर्मी साफ सफाई मुस्तैदी से कर रहे हैं। श्रद्धालुओं के बीमार होने पर तत्काल उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आज मेले में दर्शन के लिए आए एक श्रद्धालुओं का नदिया जंक्शन के ऊपर कैची पॉइंट पर पैर फिसल जाने के कारण पैर में फैक्चर हो गया । जिसे बड़ी मुस्तैदी से आपदा प्रबंधन की टीम ने मेडिकल टीम के पास पहुंचा कर उनका प्राथमिक उपचार कराया और उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से पचमढ़ी के अस्पताल मे भर्ती करवाया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी गई है।

# द चैम्प्स फन स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन पुरस्कार वितरण समारोह

नर्मदापुरम (निप्र)। द चैम्प्स फन स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित आईजीकेओ (अंतर्राष्ट्रीय जनरल नॉलेज) ओलंपियाड परीक्षा के विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन प्रतियोगिताएं आयोजित करने वाला अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो अन्तर्राष्ट्रीय अर्थात भारत और अन्य देशों के स्कूल विद्यार्थियों के लिए विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं का आयोजन करता है।इस वर्ष द चैम्प्स फन स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस, 7 गोल्ड मेडल और 16 सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित इस समारोह में प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी, डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी, कॉर्डिनेटर श्रीमती रीना मालवीय और एडमिन ऑफिसर श्रीमती विनिता जसलानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट तरीके से कार्य करने हेतु विद्यालय की शिक्षिकाओं श्रीमति रीना मालवीय और सुश्री विनम्रता तिवारी को एसओएफ द्वारा प्राप्त प्रदान किए।

## प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न

### प्रस्तावित एजेंडा पर की गई समिति सदस्यों से चर्चा



नर्मदापुरम(निप्र)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम की जनभागीदारी समिति की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में महाविद्यालय के विकास एवं आवश्यक सुधारों पर महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस बैठक में नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, विकास नारोलिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती हेमेश्वरी पटले, राजेश शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य आर. के. चौकसे, अरुण शर्मा सहित जनभागीदारी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महाविद्यालय में किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों एवं आवश्यक मरम्मत कार्यों को संपादित करने हेतु विचार-विमर्श किया गया।

प्रमुख बिंदुओं में खेल मैदान में नाले के पानी के फैलाव की समस्या का समाधान करने हेतु नगर पालिका से चर्चा कर निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने, बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई बढ़ाने के लिए कटीले तार लगाने तथा साहित्यिक अध्ययन केंद्र की स्थापना हेतु प्रस्तावों पर विचार किया गया।इसके अलावा, महाविद्यालय में शोध कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए सीड मनी स्वीकृति, शैक्षणिक गतिविधियों के लिए आवश्यक बजट आवंटन, प्रशासनिक भवन के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत, ऑडिटोरियम के सुधार कार्य तथा स्थायी सीढ़ी निर्माण पर निर्णय लिए गए। महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर कैटल गार्ड, पार्किंग व्यवस्था तथा बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता भी समिति द्वारा जाहिर की गई।

## किसानों से एफएक्यू मापदंड का गेहूं ही खरीदा जाए : प्रमुख सचिव




नर्मदापुरम(निप्र)। प्रमुख सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए की किसानों से गेहूं उपार्जन के समय एफएक्यू के अनुसार ही गेहूं खरीदा जाए। गेहूं खरीदने में समितियां किसी प्रकार के दबाव में ना आए। किसानों से क्वालिटी का गेहूं ही खरीदा जाए। किसानों को प्रेरित किया जाए कि वह साफ सुथरा एवं स्वच्छ गेहूं ही उपार्जन केंद्र तक लाए। प्रमुख सचिव ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं भुगतान की राशि देने में अनावश्यक विलंब न किया जाए। जल्द से जल्द स्वीकृति पत्रक तैयार कर किसानों को उपार्जित गेहूं की राशि का भुगतान उनके बैंक खातों में प्राथमिकता से कर दिया जाए। गेहूं उत्पादन कार्य में संलग्न सभी सर्वेयर योग्य एवं उच्च गुणवत्ता वाले हो और पर्याप्त प्रशिक्षित हो। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए की सर्वेयरों का प्रशिक्षण अभी से शुरू करवा दिया जाए और साथ ही उपार्जन केंद्र का निर्धारण में शीघ्र ही कर लिया जाए। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए की कलेक्टर अपने भ्रमण के दौरान वेयरहाउस का निरीक्षण भी लगातार करें साथ ही यदि किसी वेयरहाउस का पिछला भुगतान रुका हुआ है तो तत्काल उसका भुगतान सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए की सर्वेयर ऐप का कलेक्टर स्वयं अवलोकन करें और देखें कि सर्वेयर एप का सही तरीके से उपयोग हो रहा है कि नहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य में संलग्न सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर का वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कर लिया जाए।

**किसानों को गेहूं उपार्जन के भुगतान मैं अनावश्यक विलंब न किया जाए**


**पश्चिम मध्य रेल**


**ई-निविदा सूचना, दिनांकः 19.02.2025**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः- **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि.-11-2025, **कार्य का नामः** निशातपुरा में प्रस्तावित ROB के कारण विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं संबंधित कार्यों का प्रावधान। (विद्युत कार्य), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 5399304.83, **अग्रिम राशि रू.:** 108000.00/-, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 11/03/2025 11:00, **निविदा संख्याः** विद्युत-सा-भो-नि.-12-2025, **कार्य का नामः** भाग (ए): होशंगाबादः दोनों प्लेटफार्मो पर अतिरिक्त 7-बे कवर ओवर शेड का प्रावधान (विद्युत कार्य)। भाग (बी): हरदा-रैंप सुविधा के साथ मौजूदा FOB का प्रतिस्थापन (विद्युत कार्य)। भाग (सी): भोपाल डिवीजन - नर्मदापुरम स्टेशन पर अतिरिक्त 6.00 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान (विद्युत कार्य)। भाग (डी): हरदा-भोपाल डिवीजन - हरदा स्टेशन पर अतिरिक्त 6.00 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान (विद्युत कार्य)।, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 04 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 3754931.99/-, **अग्रिम राशि रू.:** 75100.00/-, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 12/03/2025 11:00। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नही किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो बेवसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निवदिा की लागत राशि 50 लाख रूपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ ले। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज आई आई पी एस वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ विशेष शर्त कें दिया गया है।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), मं.रे.प्र., पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर







स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com